# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 197 | गौतमबुद्धनगर, शनिवार 15 जून 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236



**P- 3**
नोएडा पुलिस ने बदमाश के पैर में मारी गोली



**P- 4**
रिटायर्ड दरोगा के सिपाही बेटे ने पुलिस पर की फायरिंग



**P- 5**
इजरायल और हमास जंग के रुकने के अभी कोई असार नहीं : बाइडेन



**P- 6**
कनाडा के खिलाफ मुकाबले में विराट पर रहेंगी सभी की नजरे

## सक्सेना ने अरुंधति रॉय के खिलाफ मुक़दमा चलाने की मंजूरी दी

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के खिलाफ वर्ष 2010 में यहां एक कार्यक्रम में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।
राज निवास से शुक्रवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार अरुंधती रॉय और कश्मीर के केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यहाँ की एक अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सक्सेना ने इस मामले में अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए की धारा 45 (1) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 2010 को यहां एक सम्मेलन में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने का दोनों के ऊपर आरोप है।
इस मामले में कश्मीर के सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## नीट-यूजी में धांधली का बड़ा पर्दाफाश, टीचर ने ही लिखे जवाब

### करोड़ों के चेक के साथ 5 गिरफ्तार

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) को लेकर चल रहे विवाद के बीच गुजरात के गोधरा से धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां छात्रों को उत्तर पुस्तिकाओं में रिक्त स्थान छोड़ने का निर्देश दिया गया था, जिसे बाद में शिक्षक के द्वारा सही उत्तरों से पूरा किया जाता।
इस काम के लिए शिक्षक को मोटी रकम देने का करार किया गया था।



पुलिस ने इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें आरोपी शिक्षक तुषार भट्ट, एजुकेशन कंसल्टेंसी फर्म रॉय ओवरसीज के परशुराम रॉय और गोधरा के जलाराम स्कूल के प्रिंसिपल पुरषोत्तम शर्मा शामिल हैं। इस स्कूल में 5 मई को नीट-यूजी की परीक्षा हुई थी।
गोधरा के एसपी हिमांशु सोलंकी ने बताया कि पंचमहल के जिला कलेक्टर को इस नकल घोटाले की पहले ही भनक लग गई थी। इसको लेकर परीक्षा के दिन जिला शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और शिक्षक तुषार भट्ट के फोन की जांच की तो उसमें 30 छात्रों की सूची मिली। अधिकारियों ने उसकी कार से 7 लाख रुपये नकद भी बरामद किए थे।
इसके बाद पुलिस ने परशुराम रॉय को गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से 2.30 करोड़ रुपये के आठ खाली चेक और चेक का एक और सेट बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि कई चेक उन अभिभावकों के थे जिनके बच्चे जलाराम स्कूल में नीट परीक्षा में शामिल हुए थे।
रॉय ने ही एनईईटी परीक्षा दे रहे छात्रों को स्कूल के शिक्षक और एनटीए द्वारा नियुक्त परीक्षा उपाधीक्षक तुषार भट्ट से मिलवाया था।
एसपी ने बताया कि योजना के अनुसार जिन छात्रों ने रॉय को पैसे दिए थे उन्हें निर्देश दिया गया था कि वे ओएमआर शीट पर उन प्रश्नों के उत्तर खाली छोड़ दें जिन्हें वे नहीं जानते थे। परीक्षा के बाद जब उत्तर पुस्तिकाओं को सील कर जांच के लिए भेजा जाना था तब भट्ट शीर्ष संस्थानों की ऑनलाइन पोस्ट से अपने मोबाइल फोन में सही उत्तर लेकर उसे छात्रों द्वारा उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए जगहों पर भर देता।
मामले में गोधरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अन्य दो आरोपियों में विभोर आनंद शामिल है, जिसने कुछ छात्रों को रॉय से मिलवाया था। इन छात्रों के माता-पिता ने कथित तौर पर नकल में सहायता करने के बदले में नकद की पेशकश की थी। पुलिस के मुताबिक पांचवां गिरफ्तार आरोपी स्थानीय आरिफ वोरा है जो इस घोटाले में भट्ट का साथी था।

# सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिस

### शिक्षा मंत्री प्रधान स्टूडेंट और पेरेंट्स से मिले, बोले- कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार 14 जून को नीट यूजी पेपर लीक और इसकी सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि एनटीए दो हफ्तों के अंदर इस पर अपना पक्ष रखे। इस मामले पर 8 जुलाई को अगली सुनवाई होगी।

पिटीशनर हितेश सिंह कश्यप का आरोप है कि गुजरात के गोधरा में जय जल राम परीक्षा सेंटर को चुनने के लिए कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड आदि राज्यों में 26 छात्रों ने 10-10 लाख रुपए घूस दी थी।

कश्यप ने कहा कि इस सेंटर पर ड्यूटी दे रहे टीचर सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार टीचर के पास से सभी 26 छात्रों की डीटेल मिली है। इसलिए इस मामले



की सीबीआई जांच जरूरी है।

वहीं, कुछ स्टूडेंट्स और पेरेंट्स ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। प्रधान ने भरोसा दिया कि जांच में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। सरकार पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। कोर्ट के सामने पारदर्शिता से बात रखेंगे। कोर्ट जो भी आदेश देगा, उसका पालन करेंगे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा अच्छी हुई है, एक-दो जगह की घटना सामने आई है, इसकी इन्क्वायरी चल रही है। ये सब कोर्ट के संज्ञान में है। कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे।

#### हाईकोर्ट के मामले भी सुप्रीम कोर्ट को ट्रांसफर हों- एनटीए

स्टूडेंट्स ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी समेत 7 राज्यों की हाईकोर्ट में नीट में गड़बड़ियों को लेकर याचिकाएं दायर की हैं। एनटीए ने कहा है कि अलग-अलग कोर्ट के अलग-अलग फैसला सुनाने से छात्रों में भ्रम फैल सकता है। इसलिए सभी मामले सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किए जाएं।

#### प्रधान बोले- कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हमने कुछ स्टूडेंट्स को बुलाया था, उनके पेरेंट्स से भी मिला। मैंने उनको आश्वस्त किया है कि सरकार पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। 24 लाख एप्लीकेंट्स थे, 23 लाख 33 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। स्टूडेंट्स की कुछ शंकाएं सामने आई थीं।

प्रधान ने कहा कि 6 सेंटरों पर गड़बड़ियों बात भी सामने आई। ग्रेस मार्क्स को लेकर भी आपत्ति आई है। कल ही सुप्रीम कोर्ट ने 1500 से ज्यादा स्टूडेंट्स को दोबारा एग्जाम देने का बोल दिया है। नीट को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स में 41 पिटीशन लगी हैं।

## सड़क दुर्घटना में पांच की मौत 6 घायल

एजेंसी

रांची। झारखंड में गढ़वा-श्री बंशीधरनगर मुख्य सड़क पर भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि गढ़वा-श्री बंशीधरनगर मुख्य सड़क पर पाल्हे गांव के शिव मंदिर के पास गुरुवार मध्य रात्रि के बाद एक बजे रात में एक टेंपो को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई जभकि छह लोग घायल हो गए।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी लोगों का गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के दुद्धी थाना क्षेत्र के महुली गांव के केशनाथ के 45 वर्षीय पुत्र बिमलेश कुमार कनोजिया, गढ़वा के रमना थाना क्षेत्र के सीरियाटेंगर गांव के सुरेश भुइयां के 28 वर्षीय पुत्र अरुण भुइयां, रमाशंकर भुइयां के 25 वर्षीय पुत्र विकेश भुइयां, विनोद राम के 20 वर्षीय पुत्र अरविंद भुइयां और रामवृक्ष भुइयां के 50 वर्षीय पुत्र राजकुमार भुइयां शामिल हैं।

घायलों में गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के सीरियाटेंगर गांव के राम प्रसाद राम के पुत्र मिथिलेश भुइयां, महावीर भुइयां के पुत्र उमेश भुइयां, रामप्रसाद भुइयां के पुत्र राकेश भुइयां, रहमुदिन अंसारी के पुत्र मेराज अंसारी, रामचंद्र भुइयां के पुत्र संजय भुइयां व दुद्धी थाना क्षेत्र महुली गांव निवासी रामचंद्र भुइयां के पुत्र मिथलेश भुइयां शामिल हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये सभी लोग एक ही ऑटो में सवार होकर अपने गांव से श्री बंशीधरनगर रेलवे स्टेशन जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। सभी को जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन से नौकरी के लिए गुजरात के जामनगर जाना था।

**झारखंड में बड़ा ट्रेन हादसा** | **मृतकों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैंद्व घटना रात करीब 8 बजे की है**

## आग की अफवाह के बाद मची भगदड़ में 4 की मौत; कई घायल

झारखंड में एक दर्दनाक ट्रेन हादसा सामने आया है। यहां के धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड के कुमंडीह स्टेशन पर शुक्रवार रात करीब आठ बजे रेल हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं दर्जनभर लोगों के घायल होने की भी सूचना है। घटना के बाद रेलवे के वरीय अधिकारी घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं।
घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार कुमंडीह स्टेशन पर अप लाइन में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस खड़ी थी। इसी दौरान किसी ने अफवाह फैला दी कि ट्रेन में आग लग गई। जिससे वहां अफरातफरी मच



गई। ट्रेन में बैठी सवारी इधर-उधर भागने लगी। इसी दौरान डाउन लाइन से एक मालगाड़ी गुजर रही थी, जिसकी चपेट में आने से चार यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं दर्जनभर से ऊपर लोग घायल हो गए। मृतकों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। घटना रात करीब 8 बजे की है। इस दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए धनबाद रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र धनबाद मंडल के कुमंडीह स्टेशन पर सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह सुनकर ट्रेन से उतरे हुए कुछ यात्री दूसरी ओर से आ रही मालगाड़ी के चपेट में आ गए। हताहत होने वालों का पता लगाया जा रहा है।
कैसे हुआ हादसाझ्ठमामला लातेहर जिले के कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर हुआ। रात के 8 बजे यहां रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों ने अफवाह फैला दी कि ट्रेन में आग लगी है। आग की अफवाह फैलने के बाद वहां भगदड़ से स्थिति बदतर हो गई। इस दौरान कई यात्री ट्रेन से कूदने लगी। बगल में स्थित दूसरी पटरी पर आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए और जान गंवा बैठे। इस दुर्घटना में अब तक चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही कई अन्य घायल हुए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।
इस मामले की जांच भी की जा रही है। धनबाद मंडल के कुमण्डीह स्टेशन की घटना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाइन नम्बर जारी किये गए हैं। किसी तरह की जानकारी के लिए इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है-

1. कामर्शियल कंट्रोल, धनबाद - 0326-2209880
2. धनबाद स्टेशन - 8756997647
3. डालटनगंज स्टेशन - 79091092320
4. बरवाडीह स्टेशन - 7485808559
5. कुमण्डीह स्टेशन - 7541813230
6. गढ़वा रोड स्टेशन - 7091092319

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, पांच की मौत पच्चीस घायल

दतिया। मध्यप्रदेश के दतिया जिले के दुरसड़ा थाना क्षेत्र में आज तड़के श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरकर पलट गयी, जिससे उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गयी और पच्चीस श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को दतिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के दिसवार गांव से रतनगढ़ माता मंदिर जवारे चढ़ाने जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली दुरसड़ा थाना क्षेत्र के जोरा मैथाना पाली गांव के पास अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरकर पलट गयी। दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों सहित पांच की मौत हो गयी और पच्चीस श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में सोनम (11), क्रांति (17), सीमा (30), कामनी (19) और विनीता (30) शामिल हैं। बताया गया है कि दिसवार गांव के सरपंच बापू दांगी के घर देवी अनुष्ठान था। इस अनुष्ठान में जवारे बोए गए थे।

इन जवारों को रतनगढ़ माता मंदिर पर अर्पित करना था। जवारो को अर्पण करने के लिए सरपंच के साथ ग्राम के लगभग दो सौ की संख्या में छह ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर सवार होकर श्रद्धालु तड़के घर से निकले थे।



## हैप्पी मॉर्निंग


अरेंज मैरिज और लव मैरिज में अंतर- बीवी- जी अरेंज मैरिज और लव मैरिज में अंतर बताइए? पति- देख भाग्यवान, अरेंज मैरिज का मतलब होता है बिका हुआ माल वापस नहीं होगा और लव मैरिज का मतलब होता है पहले इस्तेमाल करें फिर विश्वास करें।



### शायरी

दोनों रुख़सार इनायत करें इक इक बोसा
आशिक़ों के लिए सरकार से चंदा हो जाए

### अर्थसार



सेंसेक्स:
76,992.77
+181.88 (0.24%)
निफ्टी:
23,465.60
+66.70

### मौसम



अधिकतम : 44 डिग्री से0
न्यूनतम : 33 डिग्री से
सूयोदय रविवार : 5 : 32
सूर्यास्त शनिवार : 7 : 33

# सटोरियों से 15 करोड़ कैश जब्त

### 3000 गड्डियां और 7 देशों की करेंसी मिली

उज्जैन। उज्जैन पुलिस ने एक घर में छापा मारकर सटोरियों से 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। इनमें पांच-पांच सौ के नोटों की 3000 गड्डियां हैं। इसके अलावा 7 किलो चांदी और 7 देशों की विदेशी मुद्रा भी जब्त की है। पुलिस रातभर नोट गिनती रही। शुक्रवार सुबह नोट गिनने के लिए मशीनें लगानी पड़ी। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये एमपी, राजस्थान और पंजाब के रहने वाले हैं। मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस को कृष्णा पार्क और मुस्सद्दीपुरा में बिल्डर पीयूष चोपड़ा के घर में गेमिंग और आईपीएल सट्टे की सूचना मिली थी, जिसके बाद यह रेड की गई। पुलिस के छापे की सूचना मिलने के कारण यहां कारोबार चलाने वाला मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा भाग निकला।

#### आरोपियों के पास भी मिली नोट गिनने की मशीन

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया, गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 19 ड्रीम्स में पीयूष चोपड़ा के साथ पंजाब, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ लोग कई दिनों से



अंतरराष्ट्रीय सट्टा खिला रहे हैं। पुलिस ने दबिश दी। यहां क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप के बांग्लादेश और नीदरलैंड के मैच पर सट्टा लगाते 9 आरोपियों को पकड़ा।

इनके पास से 41 मोबाइल फोन, 11 लैपटाप, 1 मैक-मिनी, 1 आईपैड, राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय सिम, 3 मेमोरी कार्ड सहित अन्य संचार उपकरण जब्त किए गए। चांदी की सील्लियां भी मिलीं। अलग-अलग रंग के 11 बैगों में कुल 14.58 करोड़ नगद मिले। इनमें कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, यूरो, पाउंड, यूएस डॉलर, हंगरी यूरो, पॉलिश मुद्रा, नेपाली करेंसी थी।

#### जूम मीटिंग से होती थी सट्टेबाजी

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि बुकी जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़ते थे। एक बार में एक लाइन पर 50,000 से 25,00,000 रुपए तक का धंधा किया जाता था। धंधा कितना किया जाना है यह पीयूष चोपड़ा अपने साथियों को बताता था। इसके बाद बुकीज को धंधे में उतारते थे। एक मैच में करोड़ों रुपयों की हार-जीत की बाजी लगाई जाती थी।



## संपादकीय

# डॉ. भीमराव अंबेडकर : सामाजिक न्याय और समानता के महान योद्धा

**जाति-पाति का जो भेद मिटा दे,**
**समानता की राह दिखा दे,**
**जिसने सबको गले लगाया,**
**वो है भीमराव हमारा साया।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्हें बाबा साहेब के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय समाज के उन महान योद्धाओं में से एक हैं जिन्होंने अपने अद्वितीय संघर्ष और अथक प्रयासों से सामाजिक न्याय और समानता की नींव रखी। उनका जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है, जिसमें उन्होंने अपने साहस, ज्ञान और दृढ़ संकल्प के साथ हर प्रकार के अन्याय और भेदभाव का मुकाबला किया। आज, हम डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और उनके महान योगदानों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को एक दलित परिवार में हुआ था। समाज के सबसे निचले पायदान पर जन्म लेने के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपनी ताकत बनाया। वे पहले दलित थे जिन्होंने विदेशी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनकी शिक्षा और ज्ञान की गहराई ने उन्हें भारतीय समाज के परिवर्तन के लिए तैयार किया।

### सामाजिक न्याय और समानता के प्रति समर्पण

डॉ. अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय और समानता के संघर्ष के प्रति समर्पित था। उन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए अनगिनत संघर्ष किए और उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए जीवनभर प्रयासरत रहे। उनकी दृष्टि में केवल कानूनी बदलाव ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव भी आवश्यक थे।

### भारतीय संविधान के शिल्पकार

डॉ. अंबेडकर का सबसे महत्वपूर्ण योगदान भारतीय संविधान का निर्माण है। उन्होंने संविधान सभा के प्रमुख सदस्य और प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया। उनका संविधान समानता, स्वतंत्रता, और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसने भारत को एक समावेशी और लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाया।

**संविधान की जो नींव रखी,**
**समानता की मिसाल बनी,**
**हर नागरिक को अधिकार मिले,**
**ऐसे बाबा साहेब को शत-शत नमन।**

### महिलाओं और दलितों के अधिकारों की लड़ाई

डॉ. अंबेडकर ने महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने हिंदू कोड बिल का समर्थन किया, जो महिलाओं को संपत्ति और विवाह के मामलों में अधिकार देने के लिए था। उनके प्रयासों से दलितों के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़े और समाज में उनकी स्थिति में सुधार हुआ।

### धर्म परिवर्तन और बौद्ध धर्म

अपने जीवन के अंत में, डॉ. अंबेडकर ने हिंदू धर्म की जातिगत व्यवस्था के खिलाफ विरोध के रूप में बौद्ध धर्म अपनाया। उन्होंने लाखों दलितों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण किया, जिससे उन्हें समानता और आत्म-सम्मान का अनुभव हुआ। उनका यह कदम एक ऐतिहासिक घटना बन गया, जिसने भारतीय समाज में धर्म और जाति पर गहन विचार-विमर्श को जन्म दिया।

### डॉ. अंबेडकर की विरासत

डॉ. अंबेडकर की विरासत आज भी जीवित है और उनके सिद्धांत और आदर्श आज भी प्रेरणा स्रोत हैं। उनके द्वारा स्थापित किए गए विचार और संघर्ष भारतीय समाज को एकजुट करने और समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उनकी शिक्षाएं और उनका जीवन हमें सिखाता है कि सामाजिक न्याय के लिए निरंतर संघर्ष करना आवश्यक है।

### निष्कर्ष

डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के लिए संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता। उन्होंने अपने जीवन को दलितों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के अधिकारों और सम्मान के लिए समर्पित किया। उनके विचार और कार्य हमें प्रेरित करते हैं कि हम भी समानता और न्याय के लिए अपने प्रयास जारी रखें।

**जिसने समाज को नया सवेरा दिखाया,**
**भेदभाव की दीवारों को गिराया,**
**वो बाबा साहेब हमारे दिलों में बसते हैं,**
**उनके विचार आज भी हमें राह दिखाते हैं।**

# कुवैत में त्रासदी

कुवैत में कई बार दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी के मामले आए हैं। शोषण की शिकायतें इतनी ज्यादा मिलने लगी हैं कि भारतीय दूतावास में एक शिकायत निपटान केंद्र खोलना पड़ा। कुवैत के मंगफ क्षेत्र में अग्निकांड के बाद खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीय मजदूरों की बदहाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मध्य पूर्व के इस देश में रोजगार की तलाश में गए 40 से अधिक भारतीय मजदूरों की मौत की घटना स्तब्ध करने वाली है। अग्निकांड के बाद भारत एवं कुवैत सरकार की तमाम एजंसियां सक्रिय हो गई हैं, लेकिन यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि वहां मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब है और इस बारे में अक्सर सवाल उठते रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया जाता रहा है। विदेश मंत्रालय के आंकड़े हैं कि खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों में मजदूरों की 48095 शिकायतें मिलीं, जिनमें सबसे ज्यादा कुवैत में ही 23020 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों पर क्या कदम उठाए गए, इस बारे में तथ्य उपलब्ध नहीं हैं। यह साफ है कि कुवैत में मजदूरों के लिए हालात अच्छे नहीं हैं। वहां पर खराब स्थिति और कम संसाधनों के बीच उन्हें रहने को मजबूर किया जाता है। जबकि, कुवैत की अर्थव्यवस्था जो इस समय आगे बढ़ रही है, उसमें भारतीयों की भूमिका सबसे ज्यादा है। आरोप तो यहां तक लगते हैं कि कुवैत के स्थानीय लोग भारतीय मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। नियोक्ता तय वेतन से कम भुगतान करते हैं। सुविधाएं ना के बराबर हैं। एक-एक कमरे में 15 से 20 मजदूरों को ठूंस कर रखा जाता है। मंगफ क्षेत्र की जिस इमारत में आग लगी, उसकी सुरक्षा और सरकारी प्राधिकारों की अनुमति को लेकर भी सवाल उठे हैं। वहां जांच बिठा दी गई है। लेकिन अहम सवाल यह है कि व्यवस्था में सुधार को लेकर कोई पहल पहले क्यों नहीं दिखी। सवाल यह भी उठता है कि बदहाली के बावजूद कुवैत समेत खाड़ी देशों में मजदूरों की संख्या क्यों बढ़ रही है। एक रपट के मुताबिक, एक भारतीय मजदूर वहां चालीस से पचास हजार रुपए हर महीने कमा लेता है। जाहिर है, कुवैत में ज्यादा कमाई का लालच तो है ही। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 1990-91 के खाड़ी युद्ध में कुवैत में भारतीय समुदाय पर बड़ा प्रभाव पड़ा।

# नीट को रद्द कर इंसाफ करे सुप्रीम कोर्ट : 24 लाख बच्चों का भरोसा आप है मीलार्ड!

**मनोज कुमार अग्रवाल**




देश की सबसे बड़ी और कठिन प्रवेश परीक्षा नीट में गड़बड़ी के आरोपों के चलते परीक्षा की शुचिता सवालों के घेरे में हैं। स्नातक स्तर की राष्ट्रीय चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के परिणाम में गड़बड़ी पर हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा। मामला उच्चतम न्यायालय तक भी पहुंचा और अब न्यायालय ने उन विद्यार्थियों की पुन: प्रवेश परीक्षा कराने को कहा है, जिन्हें ग्रेस मार्क दिए गए हैं। यदि वे पुन: परीक्षा देने से बचना चाहें तो उनके ग्रेस मार्क हटा दिए जाएंगे। हालांकि सरकार अब भी सफाई दे रही है कि परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

लेकिन गौर तलब तथ्य यह है कि इस परीक्षा में व्यापक गड़बड़ी होने के कई तथ्य प्रकाश में आए हैं जिनके आधार पर परीक्षा आयोजन के दौरान पेपर आउट होने और बड़े पैमाने पर परीक्षा में गड़बड़ी होने की आशंका के पर्याप्त आधार है। पटना में दर्ज एफआईआर और जांच में दर्ज बयान इस सच्चाई को चीख चीख कर कह रहे हैं कि नीट 2024 का पेपर आउट हो गया था। लेकिन पिछले कुछ दिनों में पेपर लीक की की घटनाएं सामने आने से पहले ही कई राज्यों में किरकिरी करा चुकी सरकार इस बार हर कीमत पर पेपर लीक की बात को नकार कर येन-केन-प्रकारेण मामले को मैनेज करने के लिए कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में तीन दिन पहले ही पद संभालने वाले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को कहा कि न पेपर लीक हुआ, न कोई अन्य गड़बड़ी हुई, फिर भी हम जांच कर रहे हैं, किसी अभ्यर्थी से अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।उनका यह बयान खुद ही की सवाल खड़े करता है जब जांच से पहले ही वह कह रहे हैं कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है फिर जांच का नतीजा कैसे सही होगा?

नीट में देशभर से लगभग 24 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 1563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क दिए गए। क्यों? नीट आयोजित करने वाली एजेंसी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि कुछ केंद्रों पर गलती से दूसरा पेपर बंट गया था, उसे वापस लेकर सही पेपर बांटने में कुछ समय लग गया था। अभ्यर्थियों को इस तरह समय खराब होने से कोई नुकसान न हो, इसलिए उन केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कुछ अंक कृपा के तौर पर दिए गए हैं। देशभर में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का आरोप था कि नीट में गड़बड़ी हुई और कुछ अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक दे दिए गए, जिससे वे टॉपर बन गए। इस बार रिकॉर्ड 67 अभ्यर्थियों के अंक 720 में से 720 आए हैं, इस पर भी बवाल मचा हुआ है कि आखिर इतने बच्चे एक साथ शत-प्रतिशत अंक कैसे पा सकते हैं? कृपांक भी कितने दिए गए थे 10, 20 या 30 अंक नहीं, बल्कि 100 से 150 अंक तक दे दिए गए थे। ऐसी परीक्षा में 100-150 नंबर की खैरात बांटने से वे अभ्यर्थी मेरिट में आ गए, जो असली नंबरों के सहारे बहुत पीछे रह जाते और जो मेरिट में आने चाहिए थे, वे अभ्यर्थी पिछड़ गए। ऐसी मनमानी पर तो हंगामा होना ही था। सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने बताया कि विवाद केवल कृपांक पाने वाले 1563 अभ्यर्थियों पर है। इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि 23 जून को उनकी पुन: परीक्षा आयोजित की जाए। जिसे अपने टॉपर होने का भरोसा है, वह परीक्षा में बैठ जाए, जो परीक्षा में नहीं बैठना चाहता, वह उन अंकों के आधार पर काउंसिलिंग में शामिल हो सकता है, जो उसे परीक्षा में मिले थे यानी इसमें कृपांक नहीं जोड़े जाएंगे।एनटीए सिर्फ 1563 छात्रों की दोबारा परीक्षा पर माननीय अदालत की सहमति लेकर पूरी गड़बड़ी पर परदा डालने की कोशिश कर रही है और इस में कामयाब भी हो रहा है जबकि मुख्य मामला सिर्फ कृपांक देने का नहीं है बल्कि पूरे परीक्षा में पेपर लीक होने नकल होने व व्यापक गड़बड़ी घोटाला करने का है उस पर माननीय कोर्ट भी सख्त नही है और जांच के लिए कोई कदम उठाने का निर्देश नहीं दिया है ऐसे में चौबीस लाख बच्चों को न्याय मिलेगा इस मे संदेश है। सरकार के शिक्षा मंत्री के बयान से भी संकेत मिलता है कि सरकार इस मामले में पर्याप्त संवेदनशील नहीं है और पेपर लीक होने व गड़बड़ी होने को अपनी नाकामी व बदनामी मान रही है जबकि प्राथमिकता बच्चों को न्याय देना होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं है।

24 लाख अभ्यर्थी एक बड़ी संख्या है। ये युवा दो से चार पांच साल तक विभिन्न कोचिंग और घर पर कड़ी मेहनत अध्ययन कर तैयारी करते हैं ताकि चिकित्सा की पढ़ाई में उनका दाखिला हो जाए और वे एक योग्य डॉक्टर बनने का अपना और अपने माता-पिता का सपना पूरा कर सकें। यह बात राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में बैठे अधिकारियों को भी पता है और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों भी अवगत है। बावजूद इसके इस तरह की राष्ट्रीय परीक्षा में इतनी बड़ी गफलत कैसे हो सकती है? इस पर उठा विवाद इसलिए भी सही प्रतीत होता है क्योंकि गुजरात की एक लड़की इस परीक्षा में 705 अंक लाई है, जबकि 12वीं की परीक्षा में वह फिजिक्स और केमिस्ट्री में पास भी नहीं हो पाई थी। सवाल उठना ही था कि जो 12वीं की परीक्षा पास नहीं कर पा रही, वह नीट जैसी कठिन परीक्षा में इतने अंक कैसे ला सकती है? परीक्षा में 13 लाख अभ्यर्थी पास हुए, 11 लाख असफल रहे। इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि परीक्षा कितनी कठिन रही होगी। दूसरा मामला यह था कि एक ही परीक्षा केंद्र के 8 अभ्यर्थियों के शत-प्रतिशत अंक आए हैं। इस बार एक ही परीक्षा केंद्र से इतने टॉपर कैसे?


यह मामला केवल नीट तक सीमित नहीं है, अन्य प्रति योगी परीक्षाओं पर भी इसी तरह के सवाल उठते हैं, उनके पेपर लीक हो जाते हैं, उनमें संधली होती है। बाद में जांच के नाम पर खानापूर्ति हो जाती है। कहीं कहीं नकल तो कहीं सीधे घूस देकर मंत्री के इशारे पर भर्तियां। ऐसे घोटालों का युवाओं के मानसिक स्वास्थ्यपर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है, अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। इसके लिए कुछ उठाने होंगे कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ न हो पाए।

मौजूदा नीट के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अभ्यर्थियों की याचिका पर पहल तो की है लेकिन बहुत दबे पांव से।एक ओर माननीय न्यायालय ने एनटीए से जबाव मांगा है और अगली सुनवाई 8 जुलाई को एक महीने का समय दिया है और काउंसिलिंग प्रक्रिया पर कोई रोक नहीं लगाई है ऐसे में समझा जा सकता है कि प्रतिभा शाली योग्य अभ्यर्थियों पर क्या बीत रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवेश प्रक्रिया पर कोई स्टे नहीं किया है। ऐसे हालात में जब कोई सक्षम जांच एजेंसी को भी इस परीक्षा में गड़बड़ी की जांच के लिए दायित्व नहीं सौंपा गया है तो एनटीए के जबाव से समस्या हल होने वाली नही है। सवाल यह है कि नीट पेपर लीक हुआ या नहीं? इस की जांच सीबीआई या समकक्ष जांच एजेंसी से करानी चाहिए। क्या माननीय न्यायालय इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं कि लापरवाही या गड़बड़ी करने वाला संस्थान अपनी गड़बड़ी या गलती को स्वयं अदालत के सामने रखेगा? आज कल डिजिटल युग में जहां तमाम रिकॉर्ड आनलाइन कंप्यूटर पर मौजूद है जबाव के लिए एनटीए को जबाव के लिए 15 दिन का समय देना स्वयं में एक सवाल है। कैमिस्ट्री और फिजिक्स में एक दो नंबर लाने वाले अभ्यर्थी के नीट में 705 अंक और एक ही परीक्षा केंद्र में आठ बच्चों के फुल मार्क्स आना बड़ा घोटाला और गड़बड़ी का साफ प्रमाण है। माननीय सुप्रीम कोर्ट को इस मामले की रोजाना सुनवाई कर दूध का दूध पानी का पानी करना चाहिए।

सरकार को नाक का बाल न बना कर तत्काल इस परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा करानी चाहिए ताकि कई कई साल से तैयारी में जुटे बच्चों को न्याय मिले। यह एक बड़ा मामला है जिसमें प्रत्यक्ष तौर पर 24 लाख बच्चों और उनके परिवार यानी करीब डेढ़ करोड़ नागरिकों से जुड़ा है यदि न्याय नहीं होता है तो इतना बड़ा तादाद में लोगों का न्याय व्यवस्था से भरोसा टूट सकता है समय की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट इंसाफ करे।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3213




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3212 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

न्यायाधीश (एक बूढ़े चोर से)- तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुमने दिनदहाड़े चोरी की? तुम्हे पकड़े जाने जरा भी डर नहीं लगा।

कटघरे में खड़ा बूढ़ा चोर बोला- क्या करूँ सरकार! आजकल मुझे रात में बहुत नींद आती है, इसलिए मैंने दिन में दिनदहाड़े चोरी कर ली।

□ □ □

पुलिस इंस्पेक्टर (रमन से)- नालायक...! तुम इते गिरे हुए हो कि केवल पाँच सौ रुपए के लिए इस बुजुर्ग व्यक्ति का सिर फोड़ दिया?

रमन हवलदार- और क्या करता साहब... मजबूरी है! ऐसे ही तो बूँद-बूँद से घड़ा भरता है हुजूर।

□ □ □

न्यूक्लियर फैमिली में रहने वाला चंपू अपने पिता से बोलता है, पापा- पापा मैं भी अपनी शादी में आइटम गर्ल को डाँस करवाऊँगा।

पापा- बेवकूफ क्या बकता है, यह तमाशा किस गधे की शादी में देख लिया?

चंपू- आपकी शादी के वीडियो में।

पापा- अबे नालायक अपनी मौसी और बुआ को नहीं पहचानता!!

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3213



**बायें से दायें:-**

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२.फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3212



## सूडोकु - 3213


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3212 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3213



**बाएँ से दाएँ**

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली -3212 का हल



# सुपरनोवा कंपनी दिवालिया घोषित

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र का 168 करोड़ है बकाया, नोएडा के सेक्टर 94 में सबसे ऊंची इमारत बना रही थी

नोएडा। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सेक्टर 94 में सुपरटेक द्वारा विकसित एक लग्जरी आवासीय और वाणिज्यिक परियोजना सुपरनोवा के लिए दिवालिया प्रक्रिया को स्वीकार कर लिया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आरोप लगाया है कि रियाल्टर ने 8 अप्रैल 2022 तक 168.04 करोड़ रुपए के ऋण का भुगतान कंपनी की ओर से नहीं किया गया। जिसके एवज में उसने एनसीएलटी में याचिका दायर की थी। इस मामले में अंजू अग्रवाल को आईआरपी नियुक्त किया गया है।

सुपरटेक ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले कंसोर्शियम से 735.58 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मांगी थी। जिसमें से 150 करोड़ रुपए बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने सुपरनोवा नामक प्रोजेक्ट में आवासीय अपार्टमैंट, कार्यालय, रिटेल और लग्जरी होटल के विकास के लिए दिए थे। ये पूरा प्रोजेक्ट 70 हजार वर्गमीटर पर करीब 2326 करोड़ का है।



### 2012 में शुरू हुआ था देश की सबसे ऊंची इमारत का निर्माण

सुपरनोवा परियोजना 2012 में शुरू की गई थी और यह नोएडा में लॉन्च होने वाली शानदार परियोजनाओं में से एक है। इसके डेवलपर के अनुसार, यह भारत का सबसे बड़ी मिश्रित उपयोग वाली परियोजना है। नोएडा के सेक्टर 94 में स्थित 50 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। इस परियोजना में चार टावर हैं स्पाइरा 80 मंजिल का 300 मीटर की ऊंचा। ये भारत का सबसे ऊंचा मिश्रित उपयोग वाला प्रोजेक्ट है। इसके अलावा नोवा ईस्ट, नोवा वेस्ट और एस्ट्रालिस शामिल है।

### प्राधिकरण का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बकायादार

परियोजना में 2000 से ज्यादा घर खरीदार हैं और इनमें से 1000 को कब्जा मिल गया है। इस परियोजना पर नोएडा प्राधिकरण का 2100 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। बता दे बैंक ने 14 दिसंबर 2012 को सुपरटेक को 150 करोड़ रुपए का टर्म लोन मंजूर किया। टर्म लोन मार्च 2023 तक 10 साल और 4 महीने की समेकित तिमाही किश्तों में चुकाया जाना था। लेकिन सुपरटेक ये पैसा नहीं दे सका और बड़ा बकायादार हो गया।

### बार बार अनुरोध के बाद भी नहीं दिया पैसा

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बार-बार अनुरोध करने के बाद भी सुपरटेक ने उपरोक्त पैसा जमा किया और नियमों और शर्तों के उल्लंघन किया।

इसके अलावा, सुपरटेक ने मंजूरी की शर्तों के तहत अपनी देनदारियां को स्वीकार करते हुए, लीड बैंक के पक्ष में 23 अक्टूबर, 2018 को एक रिशिड्यूलमेंट लेटर भेजा। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 18 जुलाई, 2019 को SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत सुपरटेक को अतिदेय राशि का भुगतान करने का एक लेटर भेजा।

### सुपरटेक ने बताया क्यों नहीं चुकाई देनदारी

सुपरटेक ने कहा कि वह दिल्ली के सबसे बड़े डेवलपर्स में से एक है और आर्थिक मंदी, वित्तीय संकट का शिकार है। उसे विगत 20 सालों में न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा कॉर्पोरेट देनदार को कई आवास और वाणिज्यिक भूखंड आवंटित किए गए थे।

हालांकि, 2010-11 के दौरान किसानों के कारण भूमि अधिग्रहण पर भू-स्वामियों की आपत्ति यों को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में चुनौती दी गई। इस विवाद को 2015 में हल किया गया था। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि मालिकों और किसानों को अतिरिक्त किसान मुआवजे जैसी शर्तों के अधीन भूमि अधिग्रहण को बरकरार रखा था।

इसलिए, 2010 से 2015 तक की अवधि कॉर्पोरेट देनदार के लिए पूरी तरह से प्रतिकूल रहा। इसके परिणामस्वरूप भारी वित्तीय नुकसान हुआ।

# नोएडा पुलिस ने बदमाश के पैर में मारी गोली

## एनसीआर में करता था लूटपाट; 26 से ज्यादा दर्ज हैं मुकदमे



नोएडा। गुरुवार देर रात नोएडा पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश की पहचान रिषभ दयाल निवासी मयूर विहार फेज-3 दिल्ली के रूप में हुई है। बदमाश के ऊपर 26 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। इसका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

### अपने को घिरता देख पुलिस पर किया फायर

एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि गुरुवार देर रात थाना फेज-1 पुलिस गोल चक्कर चौकी से सेक्टर-15ए की तरफ जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बदमाश आते दिखा। मुखबिर से इशारा करने पर पुलिस ने स्कूटी सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बदमाश भागने लगा। अपने को घिराता देख उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बदमाश पर फायर किया। उसके पैर में गोली लगी। और स्कूटी के साथ सड़क किनारे गिर गया।

बदमाश रिषभ के कब्जे से 01 अवैध तमंचा देसी .315 बोर व 03 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसमें एक मोबाइल थाना सेक्टर-58 नोएडा क्षेत्र और दो अन्य मोबाइल दिल्ली और गाजियाबाद से लूटे गए थे। एडीसीपी ने बताया कि ये काफी शातिर बदमाश है और पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। इस पर करीब 26 मुकदमे दर्ज है।

इससे सघन पूछताछ की जा रही है। ये दिल्ली और अन्य स्थानों पर लूटे हुए मोबाइल को बेचता था। उससे मिले पैसे से मौज मस्ती में खर्च करता था।

# शार्ट न्यूज

## गाजियाबाद में फ्लैट में सेक्स रैकेट पकड़ा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में पुलिस ने शुक्रवार को एक फ्लैट पर छापा मारकर सेक्स रैकेट पकड़ा है। पुलिस ने यहां से तीन महिलाओं को रेस्क्यू करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो फ्लैट ऑनर और दो कस्टमर हैं। इन सभी के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कार्यवाहक एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया, इंदिरापुरम पुलिस को सूचना मिली कि ज्ञानखंड-एक के एक फ्लैट में सेक्स रैकेट चल रहा है। इस सूचना पर शुक्रवार को छापा मारा गया। मौके से फ्लैट ऑनर गौरांगो मंडल व उत्तम प्रमाणिक निवासी मालदा (पश्चिम बंगाल) व कस्टमर पीयूष जैन और नासिर अली की गिरफ्तारी हुई है। यहां से एक स्कैनर भी बरामद हुआ है, जिसमें आरोपी ऑनलाइन पैसा लेते थे। इसके अलावा फ्लैट से कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूला कि ज्यादा पैसा कमाने के लालच में वो इस फ्लैट मे सेक्स रैकेट चलवा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मौके पर तीन महिलाएं मिली हैं, जिनसे जबरन ये काम कराया जा रहा था।

## एक्सप्रेसवे पर चलते ट्रक में आग लगी

नोएडा। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-135 के पास शुक्रवार को चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। ट्रक से धुआं और लपटे उठने से एक्सप्रेसवे पर अफरातफरी की स्थित बन गई। दमकल की दो गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर माल से भरे ट्रक में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दमकल की गाड़ियों की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगते ही चालक ने ट्रक को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और बाहर निकल आया। आग लगने से ट्रक में रखा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने आग पर काबू पाने के बाद ट्रक को क्रेन की मदद से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य रूप से चलता रहा।

## युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी की



ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के पतवाड़ी गांव में रहने वाले युवक ने अपने घर में पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक ने डिप्रेशन के चलते आत्महत्या की है।बिसरख पुलिस के मुताबिक पतवाड़ी गांव में 24 वर्षीय मुकुल यादव परिवार के साथ रहता था। मुकुल ने शुक्रवार की सुबह अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसको तत्काल निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मुकुल डिप्रेशन में रहता था, जिसका उपचार भी चल रहा था। आशंका है कि डिप्रेशन के चलते उसने यह कदम उठाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद सही कारण पता चल सकेगा।

## ईओ ने पालिकाध्यक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप

लोनी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) केके मिश्रा ने लोनी नगर पालिका की अध्यक्ष रंजीता धामा और उनके साथियों पर मारपीट और उनके ऑफिस में कर्मचारियों पर पिस्टल तानने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष ने घटना स्थल का वीडियो जारी कर इन सभी आरोपों को गलत बताया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को बयान के लिए बुलाया है। रात करीब 12 बजे लोनी बॉर्डर थाने पर सूचना दी गई कि पालिकाध्यक्ष और उनके साथियों ने बलराम नगर कॉलोनी पानी की टंकी कैंप कार्यालय पर ईओ और पालिका के कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और पिस्टल तानी। इस मामले में ईओ ने पुलिस को रात करीब ढाई बजे एक शिकायत दी। शिकायत में ईओ ने कहा कि वह करीब ढ़ाई बजे अपने कैंप कार्यालय लोनी में लंच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने वहां मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संजीव अवाना को आगामी त्योहार में साफ सफाई के लिए बुलाया। तभी वहां तपसी सिंह आए। कुछ देर बाद अध्यक्ष भी पहुंच गईं। वह उन पर और संजीव पर चिल्लाने लगीं।

## अग्निकांड में झुलसी युवती की हालत गंभीर

लोनी। बेहटा हाजीपुर के अंग्निकांड में झुलसी युवती उजमा (23) की हालत अभी गंभीर है। दिल्ली जीटीबी अस्पताल के डॉक्टर उजमा को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। उधरस अन्य मृतकों के परिजनों को मुआवजे के लिए प्रशासन ने टीम भेज कर डाटा लिया है। दिनभर मृतकों के घर जनप्रतिनिधियों और नेताओं का आवागमन भी रहा। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर एक टीम को बेहटा हाजीपुर गांव भेजा गया है। टीम ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद के लिए परिजनों से बात की है। उन्होंने मृतकों का डाटा और उनके वारिसों की सूची भी बनाई है। कागजी कार्रवाई होने के बाद शासन को मुआवजे के लिए डिटेल भेजी जाएगी। मरने वालों में एक परिवार लोनी और दूसरा परिवार बागपत के रटौल का है। लोनी में शारिक के परिजनों से बात करने के बाद डाटा लिया गया है। अब रटौल में रह रहे परिवार से मिलकर उनका भी डाटा लिया जाएगा। वहीं दूसरी और अग्निकांड के बाद खतौली विधायक मदन भैया, चेयरमैन रंजीता धामा, मनोज धामा, पूर्व विधायक जाकिर अली, कांग्रेस नेता डॉली शर्मा समेत अन्य पार्टियों के नेता परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली।

## अग्निकांड में झुलसी युवती की हालत गंभीर

लोनी। बेहटा हाजीपुर के अंग्निकांड में झुलसी युवती उजमा (23) की हालत अभी गंभीर है। दिल्ली जीटीबी अस्पताल के डॉक्टर उजमा को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। उधरस अन्य मृतकों के परिजनों को मुआवजे के लिए प्रशासन ने टीम भेज कर डाटा लिया है। दिनभर मृतकों के घर जनप्रतिनिधियों और नेताओं का आवागमन भी रहा। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर एक टीम को बेहटा हाजीपुर गांव भेजा गया है। टीम ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद के लिए परिजनों से बात की है। उन्होंने मृतकों का डाटा और उनके वारिसों की सूची भी बनाई है। कागजी कार्रवाई होने के बाद शासन को मुआवजे के लिए डिटेल भेजी जाएगी। मरने वालों में एक परिवार लोनी और दूसरा परिवार बागपत के रटौल का है। लोनी में शारिक के परिजनों से बात करने के बाद डाटा लिया गया है। अब रटौल में रह रहे परिवार से मिलकर उनका भी डाटा लिया जाएगा। वहीं दूसरी और अग्निकांड के बाद खतौली विधायक मदन भैया, चेयरमैन रंजीता धामा, मनोज धामा, पूर्व विधायक जाकिर अली, कांग्रेस नेता डॉली शर्मा समेत अन्य पार्टियों के नेता परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली।

## युवक के खाते से निकाले 2.95 लाख रुपये

मोदीनगर। साइबर बदमाशों ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर युवक के खाते से 2.95 लाख रुपये साफ कर दिए। मामले में शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। सूरत सिटी कॉलोनी निवासी अजय जैन ने बताया कि बीते दिनों ने कॉल आया। कॉलर ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताते हुए अजय को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की जानकारी दी। अजय लिमिट बढ़वाने के लिए तैयार हो गए। झांसे में लेने के बाद आरोपी ने अजय जैन को एक लिंक भेजा। अजय जैन के डिटेल सबमिट करते ही खाते से रकम कटने के मैसेज आने लगे और देखते ही देखते उनके खाते से 2,95,340 रुपये कट गए। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि मामला साइबर सेल को भेज दिया गया है।

## मोदीनगर में ससुराल आए युवक की मौत

मोदीनगर। मोदीनगर की लंकापुरी कॉलोनी निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत हो गई। मृतक अपनी ससुराल पत्नी व बच्चों को लेने के लिए आया हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। जिला बागपत के थाना बलेनी के डोचला निवासी 40 वर्षीय दातारात की शादी मोदीनगर निवासी संगीता के साथ हुई थी। वह मोहननगर एक निजी अस्पताल में नौकरी करता था और वहीं पर पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। वह अपनी ससुराल लंकापुरी आए हुए थे। अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालात बिगड़ने पर पत्नी व उनके परिजनों ने तुरन्त स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया,जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि दातारात ने अत्याधिक शराब पी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। मोदीनगर की गोविन्दपुरी स्थित सुचेतापुरी कॉलोनी में दंबगों ने घर में घुसकर एक युवक की बेहरमी से पिटाई कर दी। युवक को इतना पीटा गया कि वह बेहोश हो गया। युवक को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुचेतापुरी कॉलोनी निवासी कमलेश देवी अपने पुत्र नीरज के साथ रहती है। दोपहर एक बजे के आसपास पडोसी में रहने वाला परिवार कमलेश देवी के घर पर आया।

# ग्रेटर नोएडा में गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## आंध्र प्रदेश से लेकर आते थे गांजा, 22 लाख रुपए है कीमत



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन गांजा तस्करों के कब्जे से 130 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस गांजे की कीमत करीब 22 लाख रुपए बताई जा रही है। यह लोग आंध्र प्रदेश से इस गांजे को गाड़ी में छुपा कर लाते थे और फिर उसे सप्लाई किया करते थे।

### कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की गई

दरसअल थाना दादरी पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से चेकिंग के दौरान एक गाड़ी को चैकिंग के लिए रोका। चेकिंग के दौरान पता चला कि उसे गाड़ी में खूफिया तरीके से उन लोगों ने गांजा छुपाया हुआ था।

पुलिस ने इस दौरान दीपक व अजय को थाना क्षेत्र के घोड़ी बछेड़ा गोलचक्कर से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से करीब 130 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसकी कीमत लगभग 22 लाख रूपये बताई जा रही है। इनके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की गई।

### मंहगे दामों में बेचकर मुनाफा कमाया करते थे

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान पकड़े गए आरोपी आन्ध्रप्रदेश से सस्ते दामों में गांजा खरीदकर कार के द्वारा लाते थे। गांव-देहात के रास्ते से होते हुए दिल्ली जाते थे। इस तरह यह लोग गांजे को मंहगे दामों में बेचकर मुनाफा कमाया करते थे। यह दोनों ही आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इनके अन्य आपराधिक इतिहास की और ज्यादा जानकारी जुटा जा रही है।

# नोएडा में 1 करोड़ की ई-सिगरेट संग दो तस्कर गिरफ्तार

## एनसीआर के स्कूल, कॉलेज और पीजी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स कस्टमर



नोएडा। सीआरटी , स्वात टीम और थाना सेक्टर-20 पुलिस ने संयुक्त रूप ई-सिगरेट की बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक करोड़ रुपए की ई सिगरेट बरामद की गई है। ये ई सिगरेट नोएडा , दिल्ली , गुरुग्राम के स्कूल , कॉलेज, पीजी और उसके आसपास महंगे दाम पर बेचते थे।

पुलिस को सूचना मिलने पर इन दोनों को नोएडा के सेक्टर-18 मल्टी लेवल कार पार्किंग के पास से गिरफ्तार किया गया है।

इनकी पहचान रवि कुमार और शाहनवाज हुई है। इसका सरगना जितेंद्र वालिया अभी फरार है।

डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि इस पूरे गैंग का सरगना जितेंद्र वालिया उर्फ केडी उर्फ सोनू है। रवि कुमार और शाहनवाज उनसे बरामद किया गया गांजा और ई- सिगरेट दिल्ली एनसीआर में बेचने जा रहे थे।

### 4 से 5 हजार रुपए में बेचते थे एक ई सिगरेट

इससे जो पैसे की बचत होती है, उसे हम तीनों लोग बांट लेते है। इसकी मांग अधिक होने के कारण इसकी कीमत भी सामान्य गांजे व सामान्य सिगरेट से कई गुना अधिक हो जाती है। इस प्रकार की एक सिगरेट 4 से 5 हजार रुपए में बिकती है। वहीं, गांजे की मादकता को बढ़ाने के लिए केमिकल रिएक्शन किया जाता था। इस कारण से इसकी बाजार में कीमत ज्यादा होती थी।

बरामद किए गए गांजा और ई सिगरेट का मालिक जितेंद्र वालिया है। जितेंद्र गुरुग्राम में रहता है। वहीं हम लोगों को मॉल सप्लाई करने के लिए देता है। जिसे हम दिल्ली नोएडा एनसीआर में स्कूल, कॉलेजों व यूनिवर्सिटी व पीजी में रहकर पढ़ने वालें छात्र- छात्राओं को फुटकर में बेचते है।

## नोएडा में कार पर चढ़कर दोस्तों पर फेंकी बीयर

नोएडा। नोएडा में एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक युवक कार छत पर चढ़कर बीयर की बोतल खोलकर फिल्मी अंदाज में डांस कर रहे उसके दोस्तों पर फेंक रहा है। वहीं उसके दोस्त कार के साथ खड़े होकर डांस कर रहे है। इस दौरान कार में लगे हूटर भी बजा रहे है। ये वीडियो नोएडा के थाना फेज-1 क्षेत्र का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर लोगों ने पुलिस को टैग कर कार्यवाही करने के लिए कहा है। वीडियो 60 सेकेंड है। इसमें साफ दिख रहा है सभी युवक नशे में धुत्त है। वो लोग अपनी टी शर्ट उतार कर सड़क पर डांस कर रहे है। गाड़ी में लगे स्पीकर को तेज में बजाया गया है। हालांकि इस दौरान कोई अन्य गाड़ी आते जाते नहीं दिख रही है। लेकिन इस तरह सड़क पर खुले आम पार्टी करना लोगों को रास नहीं आ रहा। लोगों ने नोएडा पुलिस को ट्विट कर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा है। बता दे इससे पहले भी नोएडा में इस तरह पार्टी और स्टंट करने के वीडियो वायरल होते रहे है। जिस पर पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है।

# ग्रेटर नोएडा में फ्लैट में लगी आग

## एसी में ब्लास्ट से पूरा सामान जलकर राख, फ्लैट में चल रहा था योग सेंटर



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में एसी के ब्लास्ट होने से घरों में आग लगने की लगातार घटनाएं हो रही हैं। इसी तरह की घटना गौर सिटी में देखने को मिली। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी 1 के 6 एवेन्यू के टावर सी के ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट नम्बर 18 में आग लग गई। दरसअल इस फ्लैट में कॉमर्शियल एक्टिविटी हो रही थी। यहां ऑलवेज वी फिट के नाम से रेखा सिंह का योग सेंटर और डांस क्लास है।

बताया जा रहा है कि गुरुवार को भी सुबह के समय लोग क्लास के लिए आ रहे थे और इसी दौरान एक एसी से धुआं निकलना शुरू हुआ और उसके बाद कुछ ही देर में एक में जोरदार धमाका हुआ।

### नहीं चल रही थी क्लास

यह सब लोग रूम से बाहर निकल गए इसके बाद फ्लैट के अंदर आग लग गई और कुछ ही देर में सारा सामान जलकर राख हो गया। हालांकि सोसाइटी के फायर सिस्टम के स्प्रिंकलर काम कर रहे थे और सिक्योरिटी और मेंटेनेंस स्टाफ ने फायर सिस्टम का उपयोग कर आग पर का काबू पा लिया। जब यह घटना हुई उस समय कोई क्लास नहीं चल नहीं रही थी इसलिए आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन, पूरा सामान जलकर राख हो गया।

### रबर के मैट ने तेजी से पकड़ी आग

फ्लैट के अंदर योग के लिए रबर के मैट थे उसी में आग ने और ज्यादा तेजी पकड़ ली। फायर एक्सपर्ट का कहना है कि बढ़ रही भीषण गर्मी के दौरान लगातार एसी का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण वे ओवर हीट हो रहे हैं। इसके साथ ही वोल्टेज फ्लक्चुएशन के साथ वोल्टेज कम होने पर एसी के कंप्रेसर पर अधिक दबाव पड़ता है। इस कारण कंप्रेसर के साथ अन्य उपकरण अधिक दबाव पड़ने पर जरूर से अधिक गर्म हो जाते हैं। इससे आग लगने की संभावना है बढ़ जाती है।

## बिजली सप्लाई में लापरवाही पर 4 सस्पेंड

मेरठ। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के अंतर्गत अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का उचित निर्वहन न करने, लापरवाही बरतने पर 4 लोगों को सस्पेंड किया गया है। 2 अधिशासी अभियंता, 1 सहायक अभियंता और 1 भंडार अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुरादाबाद के विद्युत वितरण उपखण्ड-3, बिलारी में एल0टी0 एबी केबल टूटने के कारण काफी समय तक बिजली सप्लाई नहीं हो सकी। इसकी वजह से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं की परेशानी की शिकायतें मिलने पर एमडी ईशा दुहन ने 4 लोगों सस्पेंड कर दिया है। एलटी एबी केबल क्यों टूटी जब इसकी जांच हुई तो पता चला कि केबल की क्वालिटी बहुत खराब थी। केबल मानकों के अनुसार नहीं डाली गई थी। एलटी केबल वीमार्क इंडिया से मंगाया गया था जो क्वालिटी में खराब था। इसके कारण केबल टूटी और गर्मी में जनता परेशान हुई। जांच में यह भी पाया गया कि अधिशासी अभियंता शेरसिंह नगरीय परीक्षण खंड तीन गाजियाबाद ने डालने से पहले इस केबल को चैक किया था। लेकिन उसने भी केबल को ओके कर दिया। घटिया क्वालिटी का केबल मुरादाबाद स्टोर से मनोज कुमार सहायक अभियंता, इन्होंने भी केबल की क्वालिटी को ओके बताकर इसे सप्लाई कर दिया।

# नोएडा के सुपरटेक ऑफिस में जमकर मारपीट

## समस्याओं के समाधान के लिए बायर्स पहुंचे थे ऑफिस, पुलिस ने शांत कराया

नोएडा। बायर्स के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। इसका नजारा सुपर टेक के सेक्टर-96 ऑफिस में देखने को मिला। यहां फ्लैट बायर्स अपनी समस्या को लेकर पहुंचे थे। जिसके बाद सुपर टेक कर्मचारियों के साथ उनकी कहा सुनी हो गई। यहां जमकर मारपीट भी हुई। इस दौरान एक सब एक दूसरे को बचाने का प्रयास करते दिखे।

इस बीच महिलाओं के साथ ही खींचतानी की गई। बताया गया कि ये




वीडियो गुरुवार का है। जिसे आज सोशल मीडिया के विविध प्लेटफार्म पर वायरल किया जा रहा है। इस मामले में दोनों ही पक्षों से बातचीत की गई।

जिसके बाद मामले को शांत कराया गया। ये वीडियो करीब 4 मिनट का है। जिसमें कुछ लोग फ्लैट की समस्या को लेकर स्टॉफ से बातचीत करते दिख रहे है। बताया गया कि ये वो बायर्स है जिनको अब तक फ्लैट नहीं मिले और इनका पूरा पैसा बिल्डर के पास जमा है। पहले कुछ मिनट तक काफी हॉट टॉक होने के बाद अचानक से मारपीट शुरू हो गई। एक ही व्यक्ति को कई लोग मिलकर पीटते है। यहां तक की उसके कपड़े तक फाड़ दिए। वहां मौजूद गार्ड और महिला गार्ड भी झगड़े को शांत करने का प्रयास करते दिखे। कुछ देर के लिए मामला शांत हुआ। लेकिन फिर से मारपीट होने लगती है। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ भी खींचतान की गई है। वहां मौजूद किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

# यूपी में सरकारी स्कूलों की छुट्टी बढ़ी

## 24 जून को खुलेंगे, बच्चे 28 से जाएंगे, गर्मी के चलते शिक्षक संगठनों ने की थी मांग

लखनऊ। यूपी में गर्मी के कारण स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं, बच्चों के स्कूल 28 जून तक बंद रहेंगे। दरअसल, गर्मी के कारण शिक्षक संगठनों ने गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की मांग की थी। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जानकारी दी है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को इस विषय में पत्र भी लिखा था। उन्होंने लिखा था कि %पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू से तप रहा है। ऐसे में स्कूलों को 18 जून से खोलना सही नहीं है। शिक्षकों का लगातार ट्रांसफर




भी हो रहा है। इसलिए स्कूलों में गर्मी की छुट्टी 30 जून तक बढाई जाएं।

### 27931 स्कूलों में यू-डायस के 50 से कम नामांकन

इधर, परिषदीय स्कूलों में यू-डायस पोर्टल अपडेट को लेकर लापरवाही पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की तरफ से कड़ा रुख अपनाया गया है। प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर 50 से कम नामांकन वाले सभी स्कूलों के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है। 20 जून तक हर साल में ईमेल या व्हाट्सएप के जरिए जवाब देने को कहा गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की तरफ से 11 जून को इसको लेकर निर्देश जारी किए गए हैं।

### 20 जून तक स्पष्टीकरण देने के निर्देश

पत्र में यह भी कही गया है कि राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम यू-डायस 2023-24 को लेकर निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके राज्य स्तर पर लगभग 27 हजार 931 परिषदीय विद्यालय ऐसे है जिनमें छात्रांकन 50 से कम हैं। इसके पीछे के कारणों की समीक्षा करते 20 जून तक स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

# मुरादाबाद में हॉस्पिटल के टॉयलेट में मिला नवजात

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक हॉस्पिटल के पब्लिक टॉयलेट में एक नवजात फ्लश के ऊपर रखा मिला। घटना कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल की है। टॉयलेट में नवजात के मिलने से अस्पताल में हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। नवजात को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल के सीसीटीवी कैमरों की मदद से ये पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नवजात को किसने वहां रखा। कांठ रोड स्थित एक अस्पताल में इस घटना का शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उस समय पता चला जब एक महिला टॉयलेट यूज करने के लिए अंदर गई।

टॉयलेट में गई महिला ने फ्लश के ऊपर नवजात को रखा देखा तो उसकी चीख निकल गई। नवजात जिंदा था और उसकी सांसें चल रही थीं। महिला की चीख सुनकर बाकी तीमारदार और हॉस्पिटल स्टाफ मौके पर पहुंचा। महिला ने टॉयलेट में नवजात के होने की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही अस्पताल की एक नर्स ने नवजात को उठाया और हॉस्पिटल प्रबंधन को इसकी सूचना दी। हॉस्पिटल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना देकर नवजात को आईसीयू में एडमिट करके उसका इलाज शुरू कर दिया है।

# शाहजहांपुर में महिला की चाकू से गोदकर हत्या

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में मायके में रहे रही 23 साल की महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के समय मृतका के मां-बाप और उसकी एक साल की बेटी मौजूद थी। सभी कमरे में सो रहे थे। हमले के दौरान मां बाप की आंख भी नहीं खुली। कुछ देर बाद आंख खुलने पर मां ने शोर मचाना शुरू किया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी।

एसपी भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने परिजनों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए। पुलिस ने मृतका के पति समेत कई लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। परिजनों ने भी किसी से रंजिश से इनकार किया है। फिलहाल पुलिस ने मृतका का मोबाइल कब्जे में ले लिया है।

### 3 साल पहले हुई थी शादी

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भारद्वाजी की रहने वाली पूर्ति गुप्ता (23) की शादी 3 साल पहले मोहल्ला हुसैनपुरा की रहने वाले कमल राजपूत के साथ हुई थी। शादी के बाद से पति से विवाद होने पर पूर्ति एक साथ की



बेटी के साथ मायके में रहने लगी थी। मां वंदना ने बताया- पति पत्नी के बीच घरेलू विवाद के बाद बेटी को घर लेकर आए थे। गुरुवार को दिन में पूर्ति ने पति कमल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रात में एक बेड पर हम पूर्ती और उसकी एक साल की बेटी लेटे थे। दूसरी चारपाई पर पूर्ती के पिता पिता संजय गुप्ता लेटे थे। मेरा बेटा पवन गुप्ता शाम हरिद्वार जाने के लिए निकल गया था। रात में कुछ आवाज सुनाई दी थी। उठने के बाद बरामदे में देखा तो बेटी जमीन पर पड़ी थी। उसके गले पर चोट का निशान था और खून निकल रहा था। उसकी आंखें खुली थीं, कुछ बोल भी नहीं पा रही थी। बेड पर भी खून पड़ा था। उसके ऊपर किसने हमला किया, उसको देख नहीं पाए। वैसे तो रोज जीने का दरवाजा लगा लेते थे, लेकिन रात में दरवाजा बंद किया था, ये याद नही है।

# रिटायर्ड दरोगा के सिपाही बेटे ने पुलिस पर की फायरिंग

## झांसी में भाई के साथ मिलकर पुलिस टीम की गाड़ी फूंकी; एनकाउंटर में भाई को गोली लगी

झांसी। रिटायर्ड दरोगा के सिपाही बेटे ने अपने भाई के साथ मिलकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जान बचाकर पुलिसकर्मी भागे तो उनकी गाड़ी को आग लगा दी। सिपाही अपने भाई से मकान को लेकर झगड़ा कर रहा था। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस दोनों को थाने ले जाने लगी तो सिपाही भड़क गया और पुलिस टीम से धक्का-मुक्की करने लगा। दरोगा की वर्दी फाड़ दी।

सिपाही का भाई घर में से राइफल लेकर आया। सिपाही ने ललकारा और उसके भाई ने छत से पुलिस पर तीन फायर किए। इसके बाद जंगल की ओर भाग गया। आरोपी सुरेंद्र और योगेंद्र के पिता जसवंत सिंह यादव यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर से रिटायर्ड हैं। वह लंबे समय तक झांसी में कार्यरत रहे हैं। घटना झांसी जिले के नवाबाद थाने के पास की है।

पुलिसकर्मियों ने सिपाही को घर से अरेस्ट कर लिया। उसके भाई को ढूंढती हुई जंगल में पहुंची तो उसने पुलिस पर चार राउंड फायर किए।। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



### सिपाही का भाई से विवाद, पुलिस पहुंची तो तानी राइफल

सिपाही सुरेंद्र यादव महोबा के कबरई थाने में तैनात है। उसका भाई योगेंद्र क्रेन चलाता है। दोनों नवाबाद में बजरंग कॉलेज के पास एक ही मकान में रहते हैं। आगे वाले हिस्से में सुरेंद्र और पीछे वाले हिस्से में योगेंद्र। दोनों के बीच लंबे समय से प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है।

गुरुवार को योगेंद्र के बच्चे का बर्थ-डे था। सुरेंद्र 10 दिन की छुट्टी लेकर घर आया था। रात को बर्थ-डे पार्टी में दोनों भाई शामिल थे। इसी दौरान, सुरेंद्र ने इन्वर्टर से एक बल्ब का कनेक्शन काट दिया। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद होने लगा।

विवाद बढ़ने पर सुरेंद्र ने 112 पर



कॉल करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही योगेंद्र भड़क गया। उसने पुलिसकर्मियों पर लाइसेंसी राइफल तान दी।

दरोगा ने गिरफ्तार करने की धमकी दी तो वह हाथापाई पर उतर आया। पुलिस ने योगेंद्र को पकड़ने की कोशिश की तो सुरेंद्र उसका बचाव करने लगा। फिर दोनों भाई पुलिस से उलझ गए।

बवाल बढ़ा तो बजरंग चौकी इंचार्ज पहुंच गए। उन्होंने गिरफ्तार करने की धमकी दी तो दोनों भाई उनसे उलझ गए और वर्दी फाड़ दी। तब तक योगेंद्र अपने सिपाही भाई की लाइसेंसी राइफल उठा लाया और फायरिंग करने लगा। इससे दहशत का माहौल हो गया।

पुलिसकर्मी अगल-बगल छुप गए। आरोपियों ने पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी। सूचना मिलते ही एसएसपी राजेश 4 थानों की पुलिस लेकर मौके पर पहुंचे और पुलिस फोर्स को सावधानी बरतने के निर्देश दिए। दोनों भाइयों की ताबड़तोड़ फायरिंग से पुलिस टीम को पीछे हटना पड़ा।

### पुलिस पड़ोसी के घर से अंदर दाखिल हुई

एसएसपी राजेश एस ने बताया- दोनों भाई छत से ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे थे। फायरिंग रुकने पर स्वाट टीम के 2 सिपाही पड़ोसी के घर से आरोपियों के घर में घुसे। यह देखकर दोनों आरोपी पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए छत से कूदकर भागने लगे। तब पुलिस ने आरोपी सिपाही सुरेंद्र यादव को पकड़ लिया, जबकि उसका भाई योगेंद्र राइफल लेकर मेडिकल कॉलेज के जंगल में छुप गया।

पुलिस की 4 टीमों ने पीछा कर जंगल में तलाश शुरू की। पुलिस टीम को आते देख आरोपी योगेंद्र ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग में पैर में गोली मारकर योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। घायल को मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया है।

# लाखों के घोटाले में डाकपाल निलंबित

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई इलाके में स्थित परासना उप डाकघर में लाखों रुपए के घोटाले के मामले के सामने आने के बाद डाकपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और गहन जांच शुरू कर दी गई है।

मुख्य डाक अधीक्षक चंद्रशेखर बरुआ ने गुरुवार को बताया कि 2000 खाताधारको वाले इस उप डाकघर में 200 खाताधारकों की जांच की जा चुकी है। अभी 1800 की जांच के लिए 24 जून से लेकर 27 जून तक का समय निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि फरवरी माह में परासना स्थित उप डाकघर के खाताधारक शिवराज सिंह ने उनके समक्ष इस बात की शिकायत की थी कि उसके खाते में एक लाख 30 हजार रुपए डाकपाल ब्रजकिशोर सिंह ने जमा




नहीं किए हैं । शिकायत पर डाक अधीक्षक ने उप मंडलीय निरीक्षक परवेज अहमद को जांच दी । जांच में मामला सहित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से डाकपाल को निलंबित कर दिया गया।

बरुआ ने बताया कि इसके बाद जांच अधिकारी ने सभी खाताधारकों को नोटिस भेज कर सत्यापन करने के लिए कहा हालांकि अभी तक 2000 खाता धारकों में से मात्र 200 खाताधारकों ने ही सत्यापन कराया है इनमें से तीन और मामले सामने आए हैं।

परासना के राधेश्याम, ममता देवी और आबिदा बेगम ने भी डाकघर में लगभग 1लाख 70 हजार रुपए जमा नहीं हुए हैं।

इन सभी के अनुसार उन्होंने डाक पाल को दिए थे लेकिन डाकखाने में हिसाब में यह जमा क्यों नहीं किए गए। माना जा रहा है सभी खाताधारकों का सत्यापन होने के बाद और बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

जांच अधिकारी ने बताया कि परास्ना उप डाकघर में करीब 2000 उपभोक्ता है सभी को सत्यापन के लिए नोटिस भेजा जा चुका है। सत्यवान भीम 24 से 27 जून तक चलाई जाएगी सभी से आग्रह किया गया है वह अपना सत्यापन जरूर कर ले ताकि खातों में पारदर्शिता आ सके।

जांच अधिकारी ने बताया कि अभी तक 200 खातों के सत्यापन में तीन और नए गवन के मामले सामने आए हैं डाक अधीक्षक ने सभी खाताधारकों को सत्यापन के लिए नोटिस भेजा हुआ है ऐसा माना जा रहा है कि इस उप डाकघर में बड़े पैमाने पर डाकघर खातेदारो से घोटाला किया गया है जो सत्यापन के बाद सही-सही उजागर होना संभव होगा।

# गेहूं के भाव बढ़ने से सरकारी क्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

इटावा। अनाज की मंडियों में गेहूं के दामों में उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी के चलते उत्तर प्रदेश का इटावा जिला सरकारी गेंहू खरीद में बड़े पैमाने पर पिछड़ गया है।

राज्य सरकार की ओर से निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुसार मात्र 8.6 फीसदी ही गेहूं की खरीद हुई है, गेहूं खरीद के लिए दो दिन का समय शेष रह गया है ऐसे में 63 हजार मीट्रिक टन गेंहू की खरीद कैसे संभव होगी इस पर सवाल खड़ा हुआ है।

इटावा के खाद्यान्न एवं विपणन अधिकारी लालमणि पांडे ने आज यहां बताया कि गेंहू खरीद के लिए राज्य सरकार की ओर से 15 जून तक का समय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में 69 हजार मीट्रिक टन गेंहू खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन अब तक मात्र 5945 मीट्रिक टन यानी 8.6 फीसदी ही गेंहू की खरीद संभव हुई है। माना जा रहा है कि बाजार भाव बढ़ने से गेहूं की सरकारी खरीद ढेर हो गई है। फिलहाल गेहूं खरीद का निर्धारित समय 15 जून तक है लेकिन ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि गेहूं खरीद की समय सीमा राज्य सरकार की ओर से बढ़ाई जा सकती है।

बाजार भाव में बराबर आ रहे उछाल से सरकारी गेहूं खरीद की उम्मीद टूट रही है। किसानों को समर्थन मूल्य देने के लिए क्रय केंद्र भले ही 15 जून तक खुले रहेंगे लेकिन केद्रों में खरीद की गतिविधियां ठप पड़ गई है। इस सप्ताह में बाजार में गेहूं का भाव 2400 रुपए प्रति कुंतल पहुंच गया है जिससे खरीद की संभावनाएं और कम हो गई है।

# आपसी सौहार्द के साथ मनायें बकरीद का त्यौहार : डीएम



ललितपुर। धर्मप्रमुखों व अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, सफाई व यातायात सहित सभी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश। भ्रामक अफवाह या अराजक तत्वों के प्रति संवेदनशील रहे पुलिस ¬ एसपी इमरजेन्सी में डॉक्टर, स्टाफ एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहें अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता चैकिंग के निर्देश। आमामी 17 जून 2024 को ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्यौहार को परम्परागत शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के धर्मप्रमुखों व सम्बंधित अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में शान्ति एवं कानून व्यवस्था की बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जनपदवासियों से त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा (बकरीद)त्यौहार के दौरान सुबह 7 बजे से 10 बजे के मध्य ईदगाहों/मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की जाएगी, इस हेतु सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें, पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुचारु रखें, विद्युत फाल्ट आने पर तत्काल ठीक करायें तथा धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि त्यौहर पर आपात कक्ष में इमरजेन्सी डॉक्टर मय स्टाफ एवं आवश्यक दवाओं के साथ उपस्थित रहेंगे, एम्बुलेंस भी सक्रिय रहेंगी।

# अयोध्या की जीत ने खत्म की नफरत की राजनीति

अयोध्या। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या जिले के लोकसभा क्षेत्र फैजाबाद से अवधेश प्रसाद की जीत से जनता ने नफरत की राजनीति को खत्म कर दिया है।

यादव ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं और नवनिर्वाचित सांसदों को संबोधित करते हुये कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव ने भारत की राजनीति को बदलने का काम किया है।

हमें ऐतिहासिक जीत मिली है। पर इस जीत से हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ी है। हमें अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाना है।

उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने से समाजवादी पार्टी की ताकत बढ़ी है और नेताओं, कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

आगे विधानसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य पाने के लिए जहां हम सबको अपनी भाषा ठीक रखनी है वहीं सभी का सम्मान करना भी सीखना होगा। हमें जनता से जुड़े रहना है। जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यादव ने कहा कि जनता के सामने कोई नहीं टिक सकता है। चुनाव में जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा है। भाजपा नेताओं को अब नींद नहीं आती है।

एनडीए नकारात्मक-निगेटिव गठबंधन साबित हुआ जबकि पीडीए प्रगतिशील प्रोगेसिव गठबंधन रहा। समाजवादी पार्टी पीडीए-इंडिया गठबंधन ने संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ी। समाजवादी विचारधारा का संघर्ष बराबर जारी रहेगा।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

अमेठी जिला। अमेठी के डेहरा गांव में आज सुबह विवाहिता का कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के परिजनों की मौजूदगी में शव को फांसी के फंदे से उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता ने पति और सास पर दहेज के लिए हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। अभी 15 दिन पहले ही पति और सास ने मृतका की लाठी डंडो से पिटाई की थी। जिसके बाद थाने में पति और सास के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था। दरअसल ये पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के डेहरा गांव का है। जहां ज्योति तिवारी का घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

गाजीपुर। थाना करंडा के तीन झोपड़ियों में रखा लाखों के सामान सहित एक भैंस भी जल कर मर गयी। करंडा के मेदनीपुर में स्थानीय कमलेश यादव , जितेंद्र और शिवशंकर यादव झोपड़ी बनाकर उसमे गृहस्थी का सामान रखते तथा पशुओं को भी बांधते थे। शुक्रवार को दोपहर लगभग पौने 12 बजे अचानक झोपड़ी से धुंआ निकलते दिखा , लोग अभी समझ पाते तबतक झोपड़ी से आग की लपटें और तेज धुंआ निकलने लगा, आग लगने की जानकारी होते ही आसपास के लोग ग्रामीणों को बताने के लिए चिल्लाते हुए बुझाने की गुहार लगाने लगे, जब तक लोग पहुंच पाते आग की लपटें बहुत तेज हो गयी थी इसलिए झोपड़ी से कोई सामान बाहर नहीं निकल पाया, लोग पम्पिंग सेट से पानी लेकर आग बुझाने लगे। बहुत गर्मी और आग तेज होने से कोई झोपड़ियों में रखे सामान निकालने की हिम्मत नहीं कर सका लगभग 10 कुंतल अनाज एक साइकिल, दो मोटरसाइकिलों सहित चौकी, चारपाई, बिस्तर, पंखा, बिजली का मोटर आदि सब सामान जलकर राख हो गया।

## शार्ट न्यूज

### एसपी ने ली पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी इसके उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा यूपी 112 कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें तथा परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, निर्माणाधीन बिल्डिंग, पुलिस स्नानागार,बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये । आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन रक्षपाल सिंह व प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। मड़ावरा पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मड़ावरा पुलिस द्वारा थाना मड़ावरा में पंजीकृत मु0अ0सं0 76/2024 धारा 376/506 भादवि में वांछित अभियुक्त बलराम पुत्र कन्छेदी अहिरवार उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम बुदनी थाना मड़ावरा जनपद ललितपुर को ग्राम साढूमल बस स्टैण्ड थाना मड़ावरा से पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम निरीक्षक स्वास्तिक द्विवेदी उ0नि0 दिग्विजय सिंह कां0 अमन पटेल आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा ठगे गये नौ लाख तीस हजार दो सौ सत्रह रुपए आठ पैसा कराये वापस

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक (द0) क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा साइबर अपराधों पर नियंत्रण हेतु साइबर क्राइम थाना सीतापुर को निर्देशित किया गया। पुलिस अधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में साइबर क्राइम थाना द्वारा साइबर अपराधो पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए आवेदकगण हर्ष श्रीवास्तव,शशांक मिश्र,मुरारीलाल, दीपिका सिंह,गौरव गंगवार,सार्थक अग्रवाल,सुमित कुमार,राजकमल रस्तोगी की धनराशि NCRP (पोर्टल) के माध्यम से होल्ड कराये गये तथा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सीतापुर के द्वारा आवेदकों से ठगी की गयी धनराशि में से नौ लाख तीस हजार दो सौ सत्रह रुपए आठ पैसा आवेदकों के बैंक खाते में वापस करा दिया गया,शेष धनराशि वापसी के लिये साइबर क्राइम थाना प्रयासरत है । इस अपराध में संलिप्त साइबर अपराधियो की पहचान स्पष्ट कर उनके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

### धर्म गुरुओं के संग कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई शान्ति समिति/ पीस कमेटी की बैठक

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**



सीतापुर। जिला अधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत विभिन्न समुदाय के धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग खुले स्थानों में नमाज अदा न करें, जिससे आवागमन में आम जनमानस को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। शांति को बनाये रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, आप सभी से सहयोग अपेक्षित है। पानी, बिजली, मार्ग आदि समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। बकरीद के त्योहार में साफ-सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जायेगा। खुले स्थानों में कुरबानी न की जाये, जो स्थान चिन्हित हैं, उन स्थानों पर कूड़ादान रखे जायें। प्लास्टिक का उपयोग न किया जाये, उसके स्थान पर डिस्पोजल का प्रयोग किया जाये। कुरबानी के उपरान्त जो भी वेस्ट बचे उसको गढ्डे में दबा दिया जाये।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक

**विशाल इंडिया/ब्यूरो**




सीतापुर ।जिला अधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि शेष कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी जे0ई0 को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्रों में मिशन के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का स्वयं निरीक्षण कर दो दिवस के भीतर विस्तृत आख्या प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुये जलापूर्ति एवं अन्य गतिविधियों की नियमित रूप से निगरानी की जाये। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित पंचायत घर में कन्ट्रोल रूम स्थापित कराया जाये तथा जलापूर्ति से संबंधित कोई भी समस्या प्राप्त होने पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

### बहराइच में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

बहराइच। बहराइच की एसओजी व कैसरगंज पुलिस ने एक पचास हजार रूपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया । इसके उपर हत्या समेत सात गंभीर मामले दर्ज हैं । गिरफ्तार बदमाश के भाई ने चार माह पूर्व एक नाबालिग की रेप के बाद हत्या कर दी थी । नाबालिग के शव को छुपाने में बदमाश ने भाई की मदद भी की थी । मुख्य अभियुक्त को बीते दिनों कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है । जिले के कैसरगंज इलाके में फरवरी माह में राजेश नाम के युवक ने एक पांच साल की मासूम के साथ रेप के बाद उसकी हत्या कर दी थी। शव को छुपाने व साक्ष्य को छुपाने में उसके भाई कल्लू वर्मा ने मदद की थी। वारदात के बाद पुलिस ने राजेश को गिरफ्तार कर लिया था ।

## मक्का पहुंचे हज यात्री... वार्षिक हज यात्रा शुरू, क्या टूटेगा 2019 का रिकॉर्ड

रियाद । मक्का में मुस्लिम तीर्थयात्री रेगिस्तान में एक विशाल तम्बू शिविर में शुक्रवार को एकत्र हुए और आधिकारिक तौर पर वार्षिक हज यात्रा की शुरुआत की। अपनी यात्रा से पहले उन्होंने इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल ग्रैंड मस्जिद में घन के आकार के काबा की परिक्रमा की। हज के लिए दुनिया भर से 1.5 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री पहले ही मक्का में और उसके आसपास एकत्र हो चुके हैं, सऊदी अरब के अंदर से अधिक तीर्थयात्रियों के शामिल होने से यह संख्या अभी भी बढ़ रही है। सऊदी अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या 2 मिलियन से अधिक होगी। इस साल का हज गाजा पट्टी में इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकवादियों के बीच भीषण युद्ध की पृष्ठभूमि में आया, जिसने पूरे मध्य पूर्व को एक ओर इजरायल और उसके सहयोगियों और दूसरी ओर ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बीच क्षेत्रीय युद्ध के कगार पर धकेल दिया। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक से 4,200 तीर्थयात्री हज के लिए मक्का पहुंचे। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि गाजा में युद्ध में मारे गए या घायल हुए फिलिस्तीनियों के परिवारों से 1,000 अन्य लोग भी सऊदी अरब के राजा सलमान के निमंत्रण पर हज करने के लिए पहुंचे।



## हूती विद्रोहियों के हमले में मर्चेंट नेवी का एक सदस्य घायल, जहाज भी डेमेज

**-यूरोपीय संघ ने मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए सैन्य अभियान चलाया**

वाशिंगटन। अदन की खाड़ी में एक मालवाहक जहाज पर मौजूद मर्चेंट नेवी का एक सदस्य हूती विद्रोहियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया है। हमले में जहाज को भी नुकसान पहुंचा है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक अदन की खाड़ी में एक मालवाहक जहाज पर मौजूद मर्चेंट नेवी का एक सदस्य हूती विद्रोहियों के हमले में घायल हो गया है उसे इलाज के लिए पास के जहाज में भेज दिया है। घायल कर्मचारी किस देश का है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। हूती विद्रोहियों द्वारा किया गया यह व्यवहार क्षेत्रीय स्थिरता, लाल सागर और अदन की खाड़ी में नाविकों के जीवन को खतरे में डालता है। रिपोर्टस के मुताबिक पलाऊ देश के ध्वज वाहक यूक्रेनी-स्वामित्व वाले और पोलैंड-संचालित बल्क कार्गो वाहक पर दो क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया जिससे उसमें आग लग गई। चालक दल आग बुझाने में लगे हैं। बताया जा रहा है कि एमवी वर्बेना नामक जहाज लकड़ी की निर्माण सामग्रियां लेकर मलेशिया से इटली जा रहा था। बता दें अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से हूती विद्रोहियों ने लाल सागर और आस-पास की अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाजों पर बार-बार हमले किए हैं। अदन की खाड़ी एक महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग है जो स्वेज नहर के जरिए से भूमध्य सागर से जुड़ता है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि इन हमलों का उद्देश्य फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को समर्थन देना है ताकि मालवाहक जहाजों का इजरायल पहुंचना मुश्किल हो। जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर कई सैन्य हमले किए। यूरोपीय संघ ने भी लाल सागर में मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए सैन्य अभियान चलाया है।

## न्यायाधीश ने पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई पर लगाया आरोप

लाहौर । जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले न्यायाधीश ने आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है। आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि किस तरह खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है। न्यायाधीश संसद में नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब और इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। अयूब ने आरोप लगाया था कि पिछले सप्ताह सरगोधा एटीसी में एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश अब्बास को खुफिया एजेंसियों ने बंधक बना लिया था। मार्च में, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के छह न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायिक परिषद (एसजेसी) को न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप की जानकारी दी थी।

## नेपाल में ठगी मामले में दो भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू । नेपाल में दो भारतीयों को नकली सोने के द्वारा लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यूपी निवासी 71 वर्षीय प्रभा देवी और 42 वर्षीय रामनारायण सुलेंगी को एक स्थानीय व्यापारी से 4,00,000 रुपये लेकर कारोबारी को नकली सोने का हार देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटना के तुरंत बाद उन्हें एक वाहन से भारत की ओर जाते समय लेखनाथ नगर पालिका से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन लाख 90 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

## स्पेस एक्स में खलबली : एलन मस्क पर लगे यौन शोषण के आरोप,8 इंजीरियरों ने कराया मामला दर्ज

वॉशिंगटन। स्पेस एक्स के सीईओ और दुनिया के जानेमाने टेक्नोक्रेट एलन मस्क एक और गंभीर विवाद में घिर गए हैं। उनके खिलाफ स्पेस एक्स के 8 पूर्व इंजीनियर्स ने मुकदमा फाइल कर बहुत ही गंभीर आरोप लगाए हैं। केस दर्ज कराने वाले 8 पूर्व इंजीनियर्स में 4 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल हैं। मस्क पर सेक्सुअल हैरेसमेंट और बदले की भावना के साथ काम करने का आरोप लगाया है। स्पेस एक्स और एलन मस्क के वकीलों ने मीडिया रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। दोनों पक्षों की ओर से दावा किया गया है कि इसमें दी गई जानकारी सही नहीं है। स्पेसएक्स की अध्यक्ष और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ग्वेने शॉटवेल ने कहा, 'आपके ईमेल में मौजूद असत्य, गलत चरित्र-चित्रण और एडिटेड हिस्ट्री पूरी तरह से भ्रामक कहानी को पेश कर रहे हैं। मैं इससे हैरत में हूं और एलन मस्क उन अच्छे इंसानों में से एक है जिन्हें मैं जानती हूं। मस्?क के खिलाफ अमेरिका के लेबर डिपार्टमेंट के समक्ष केस दर्ज कराया गया है। केस में स्पेस एक्स को भी आरोपी बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो स्पेस एक्स के इन 8 पूर्व इंजीनियर्स ने साल 2022 में ओपन लेटर लिखकर मस्?क के आपत्तिजनक व्यवहार पर सहयोगियों को जानकारी दी गई थी। आरोप है कि इसके बाद मस्क ने बदले की भावना के तहत कार्रवाई करते हुए इन सभी को कंपनी से निकाल दिया था। स्पेस एक्स की एक फ्लाइट अटेंडेंट ने आरोप लगाया था कि मस्क ने साल 2016 में शारीरिक संबंध बनाने के बदले में उनके लिए एक घोड़ा खरीदने की पेशकश की थी। एक अन्य महिला कर्मचारी ने (जिन्होंने 2013 में स्पेसएक्स से इस्तीफा दे दिया था) आरोप लगाया कि मस्क ने कई मौकों पर उनसे अपने बच्चे पैदा करने के लिए कहा था। आरोप है कि मस्क ने कथित तौर पर कहा था कि दुनिया कम जनसंख्या के संकट का सामना कर रही है और हाई आईक्यू वाले लोगों को बच्चे पैदा करने चाहिए। स्पेस एक्स में काम करने वाली एक महिला को एलन मस्क की ओर से रात में उनके घर आने के लिए बार-बार इनवाइट किया गया था। एलन मस्क पर एक इंटर्न समेत दो महिला कर्मचारियों के साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक इंटर्न समेत अपने दो कर्मचारियों के साथ शारीरिक संबंध बनाया था। साथ ही मस्क पर एक अन्य कर्मचारी से अपने बच्चे पैदा करने के लिए कहने का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क ने अपनी कंपनियों- स्पेसएक्स और टेस्ला दोनों में एक संस्कृति बनाई - जिससे महिला कर्मचारी असहज हो गईं। इससे पहले भी एलन मस्क पर कई आरोप लगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क पर पहले भी बोर्ड के सदस्यों के साथ काम पर नियमित रूप से एलएसडी, कोकीन, एक्सटसी, मशरूम और केटामाइन जैसी दवाओं का सेवन करने का आरोप लगाया गया है।



बुखारेस्ट में रोमानियाई सैनिक हीरोज डे को लेकर टार्च जलाकर खुशी व्यक्त करते हुए।

## इजरायल और हमास जंग के रुकने के अभी कोई असार नहीं : बाइडेन

गाजा । पिछले अक्टूबर से इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में जल्द युद्ध विराम की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। इजरायली हेलीकॉप्टर गनशिप, अटैक ड्रोन और युद्धक विमानों ने राफा पर हमला किया। जबकि फिलिस्तीनी लड़ाके इजरायली सैनिकों के साथ सड़क पर चल रही लड़ाई में उलझे हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में युद्धविराम समझते की उम्मीद नहीं है। सवाल का जवाब देकर कि क्या जल्द ही कोई युद्धविराम हो जाएगा, बाइडेन ने कहा कि नहीं, और कहा कि 'मैंने उम्मीद नहीं खोई है। वहीं उत्तरी गाजा शहर में आवासीय भवनों पर इजरायली हवाई हमलों के बाद कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए। जबकि हिजबुल्लाह ने इजरायल के उत्तर में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर एक बड़ा ड्रोन और रॉकेट हमला किया। इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान में घातक बमबारी के साथ जवाब दिया। अब सीमा पर संघर्षों के पूरी तरह जंग में बदलने की आशंका बढ़ गई है। कबातिया में इजरायली सेना के हमले में 3 लोगों की मौत के बाद फिलिस्तीनियों ने विद्रोह किया। इजरायली सेना के पश्चिमी तट के कबातिया शहर पर हमला करने और एक घर पर कंधे से दागी जाने वाली मिसाइलों से हमला करने के बाद तीन फिलिस्तीनियों के मारे जाने के बाद नागरिकों के विद्रोह के नजारे देखने को मिले। इसके बाद इजरायली सेना के बुलडोजर ने इमारत के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया।



# ब्रिटेन में पहली बार जारी हुआ हिंदू घोषणापत्र... शुरु हुआ विरोध

लंदन (एजेंसी)। आगामी जुलाई माह में ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव पर भारत के लोगों की नजर है। वहां रहने वाला हिंदू समाज चुनाव में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने की तैयारी में है। पहली बार चुनाव से ठीक पहले हिंदू घोषणापत्र जारी किया गया है।

इसका कारण खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हिंदू मंदिरों तथा हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं का बढ़ना है। ब्रिटेन में सिख व मुस्लिम समाज का घोषणापत्र आता रहा है, लेकिन पहली बार है जब हिंदू समाज के लोग भी अपना घोषणापत्र लाए हैं।

सात सूत्रीय घोषणापत्र में प्रमुख रूप से हिंदू विरोधी नफरत को धार्मिक घृणा अपराध के रूप में मान्यता देना, उसमें शामिल संगठनों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाना, हिंदू मूल्यों को स्वीकार करना और उसकी रक्षा करने के साथ हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करना शामिल है। मामले से जुड़े व्यक्ति के अनुसार, हमने अपना घोषणापत्र जारी कर कहा है कि जो प्रत्याशी या दल इस घोषणापत्र को स्वीकार करेगा, उसी को हिंदुओं का वोट मिलेगा।





चार दिन पहले लंदन में आयोजित हार्मोनी कांफ्रेंस में यह घोषणापत्र जारी किया गया है, जिसमें ब्रिटेन में सक्रिय 138 हिंदू धार्मिक व सामाजिक संगठनों के 350 से अधिक लोग शामिल हुए थे, जिसमें बाप्स श्री स्वामीनारायण मंदिर, चिन्मय मिशन, हिंदू स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू मंदिर नेटवर्क व हिंदू काउंसिल ऑफ यूके जैसी प्रमुख संस्थाओं के लोग शामिल थे। जानकारों के अनुसार, ब्रिटेन की जनसंख्या में हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले लोगों की संख्या करीब 1.7 प्रतिशत है।

### क्यों करनी पड़ी ये मांगें

बीते कुछ समय में हिंदुओं के साथ कथित तौर पर हेट क्राइम की घटनाएं बढ़ीं। खुद लीडिंग ब्रिटिश थिंक टैंक हेनरी जैक्सन सोसायटी ने पिछले साल दावा किया था कि ब्रिटेन में बसे मुस्लिम स्टूडेंट्स हिंदू धर्म को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां करते और उन्हें कंन्वर्ट होने को कहते हैं। इसके लिए देश के हजार से ज्यादा स्कूलों का सर्वेक्षण और लगभग इतने ही पेरेंट्स से बात की गई। वहां रहने वाले करीब 50 प्रतिशत अभिभावकों ने माना कि मजहब के चलते उनके बच्चों को स्कूल में नफरत झेलनी पड़ी। यहां तक कि कई स्कूलों ने भी अपनी अंदरुनी रिपोर्ट में माना कि उनके कैंपस में बीते 5 सालों में हिंदू-विरोधी सोच बढ़ी है।

### क्या है मेनिफेस्टो में

- इसमें आने वाली सरकार से 7 मांगें की गई हैं

- हिंदू हेट-क्राइम की घटनाओं को धार्मिक नफरत की तरह पहचानना और इसतरह के लोगों को सजा देना।

-पूजा स्थलों को सुरक्षा देना और मंदिरों के लिए सरकारी फंडिंग।

-हिंदुओं की मान्यताओं-आस्थाओं को आने वाली पीढ़ी तक ले जाने के लिए फेथ स्कूल्स तैयार करवाना।

-सरकार और सार्वजनिक स्थलों पर हिंदुओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना।

-पुजारियों से जुड़े वीजा के मामलों को सुलझाना।

-सामाजिक सेवाओं में हिंदुओं को शामिल करना।

-धार्मिक मान्यताओं को पहचानना और उन्हें प्रोटेक्ट करना।

### होने लगा मेनिफेस्टो का विरोध

हालांकि घोषणापत्र रिलीज होने के साथ ही वहां के कैंपेनिंग संस्थान नेशनल सेकुलर सोसायटी ने दस्तावेजों की आलोचना करते हुए कहा कि आने वाली सरकार को इन्हें सिरे से रिजेक्ट कर देना चाहिए।

## जी7 की बैठक के दौरान लड़खड़ाए जो बाइडेन, जियोर्जिया पीएम ने संभाला

**– वीडियो वायरल, यूजर कर रहे कमेंट डीयर गॉड, कृपया अमेरिका की मदद करें**



रोम । अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बाइडेन को लड़खड़ाए हुए देखा जा सकता है, जिन्हें बाद में इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी संभालती दिखती हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले इस तरह के वीडियो बाइडेन और उनकी पार्टी के लिए परेशानी बढ़ा सकती है। वीडियो में जो बाइडेन को जी-7 के नेताओं से दूर जाते हुए देखा जा सकता है।

वीडियो में मेलोनी और जो बाइडेन के अलावा ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कई प्रमुख नेता दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, राष्ट्रपति बाइडेन जी7 शिखर सम्मेलन में लड़खड़ा गए और उन्हें वापस लाने उन्हें संभालना पड़ा।

सोशल मीडिया पर कई लोगों ने बाइडेन के इस व्यवहार पर चिंता जताई है। एक यूजर ने लिखा, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि उन्होंने विश्व नेताओं के सामने क्या किया है? कितनी शर्म की बात है। एक ने लिखा, डीयर गॉड, कृपया अमेरिका की मदद करें। हम एक धागे से लटके हुए हैं। वे हमें कब तक हमें शर्मिंदा करते रहेंगे? एक दूसरे यूजर ने लिखा, मुझे नहीं लगता कि उनके चुनाव लड़ने की कोई संभावना रह गई है। डेमोक्रेट्स बुरी स्थिति में हैं। वे इसके लिए किसी और को नहीं बल्कि खुद को ही दोषी ठहरा सकते हैं।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 81 के हो गए हैं। उनकी सेहत को लेकर चर्चा होती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वह फिर एकबार राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार बन पाते हैं या नहीं। इससे पहले जो बाइडेन ने गुरुवार को जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी द्वारा स्वागत किए जाने के दौरान अजीब तरीके से उन्हें सलामी दी। बाइडेन के इस इशारे को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब चर्चा हो रही है।

## नमस्ते से नेताओं का स्वागत करने वाली इटली की पीएम मेलोनी की इतनी है सैलरी

रोम (एजेंसी)। इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले नेताओं का पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने नमस्ते से स्वागत किया। उनका यह अंदाज पूरी दुनिया में वायरल हो गया है। जॉर्जिया मेलोनी इटली की धुर दक्षिणपंथी नेता हैं। 50 साल से भी कम उम्र में उन्होंने इटली की सत्ता संभाल ली। वह यूरोप की सबसे अनुभवी राजनेताओं में से एक हैं।



साल 2006 में वे पहली बार सांसद चुनी गईं और उसके बाद कभी भी संसद नहीं छोड़ा। संसद में अपने पहले दो वर्षों में वह चैंबर की उपाध्यक्ष रहीं और 2008 से 2011 तक युवा मंत्री का पद संभाला। मेलोनी हमेशा निचले सदन की सदस्य रही हैं। रिपोर्ट मुताबिक इटली विधायिका के मुताबिक एक सांसद का वेतन 11,703 यूरो (10.47 लाख रुपये) है। टैक्स के बाद उन्हें 5,346.54 यूरो (4.78 लाख रुपये) मिलते हैं। 3721 यूरो (3.33 लाख रुपये) दैनिक भत्ता और 3690 यूरो (3.30 लाख रुपये) की प्रतिपूर्ति होती है। इसके बाद इटली के सांसद 1200 यूरो (1.07 लाख रुपये) प्रति वर्ष टेलीफोन और परिवहन के लिए हर तीन महीने में 3,323-3995 यूरो (2.97-3.57 लाख रुपये) के बीच के हकदार हैं। हालांकि मेलोनी की पार्टी के सांसद अपने वेतन का कुछ हिस्सा पार्टी के खजाने में देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मेलोनी की आय 293,531 यूरो (2.62 करोड़ रुपये) है। यह उनकी आय में 2021 से बढ़ोतरी थी। 2018 में उन्होंने रोम में दो रियल एस्टेट संपत्तियों, एक कार और 20000 यूरो पार्टी के योगदान की बात कही थी। रिपोर्ट के मुताबिक 2006 से जॉर्जिया मेलोनी की सारी कमाई को जोड़ने पर कुल शुद्ध संपत्ति 16 लाख यूरो (14.31 करोड़ रुपये) है।

# जी 7 शिखर सम्मेलन: राष्ट्रपति मैक्रॉन के साथ पीएम मोदी की बैठक

**-चीन की आक्रामता को लेकर चिंतित जी-7**

अपुलिया (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपुलीया में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। पीएम मोदी की बोर्गो एग्नाजयि रिसॉर्ट में विश्व के अन्य नेताओं के साथ कई बैठकों की योजना है।

### चीन पर जी-7 नेता

जी7 लोकतंत्र रूस की सैन्य कार्रवाइयों के चीन के कथित समर्थन पर साझा प्रतिक्रिया तलाश रहा हैं, जिसके बारे में अमेरिका का कहना है कि इससे यूक्रेन में युद्ध बिगड़ रहा है। वहीं जापानी सरकार के सूत्र ने बताया, जी7 देश इस बात पर सहमत हैं कि चीन से कैसे निपटा जाए। यह बैठक चीन और पश्चिम के बीच व्यापार संबंधों के खराब होने के बीच हो रही है। अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ, जो अनौपचारिक आठवें सदस्य के रूप में जी 7 शिखर सम्मेलन में शामिल होता है, सभी चीन की औद्योगिक अतिक्षमता से चिंतित हैं। उनका कहना है कि बीजिंग की बड़ी सब्सिडी, विशेष रूप से हरित ऊर्जा और सौर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी प्रौद्योगिकी में, बहुत सस्ते उत्पादों को जन्म देती है जो वैश्विक बाजार में बाढ़ ला देते हैं।

### इटली की संसद में क्या हुआ...डर गए जी7 के मेहमान

एक ओर इटली जी7 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर उसके संसद में खूब मारपीट मचा है। इटली की संसद का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इटली की संसद में सांसदों के बीच एक बिल को लेकर जमकर लात-घूंसा चला। संसद के भीतर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वक्त इटली में जी7 देशों के मेहमानों के साथ-साथ वहां तमाम देशों के मेहमान मौजूद हैं जिन्हें इटली ने जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है।



रिपोर्ट के मुताबिक इटली के कुछ क्षेत्रों को स्वायत्ता देने से जुड़े एक बिल को लेकर संसद के भीतर विवाद शुरू हुआ था। इस बिल का समर्थन करने वाले विरोधी सांसदों के बीच शुरू हुआ विवाद बाद में मारपीट तक जा पहुंचा।

# हर घंटे आएंगे... 53.79 करोड़ रुपये, मस्क का सालाना पैकज इतना बड़ा

**– अमेरिका कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ा सैलरी पैकेज**

वाशिंगटन (एजेंसी)। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का सैलरी पैकेज सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। उनका पैकेज इतना बड़ा था कि उस पर अमेरिकी कोर्ट को रोक तक लगानी पड़ी। आखिर 6 साल बाद उन्हें हासिल करने में सफलता मिल ही गई। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्?ला के शेयरहोल्डर्स ने मस्क के 56 अरब डॉलर (करीब 4.64 लाख करोड़ रुपये) सालाना के पैकेज को मंजूरी दी है। यह अमेरिका के कॉरपोरेट इतिहास में किसी सीईओ का अब तक का सबसे बड़ा सैलरी पैकेज है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मस्क ने खुद ट्वीट कर शेयरहोल्डर्स को धन्यवाद किया। शेयरहोल्डर्स ने बैठक में पैकेज को मंजूरी दी। वैसे मस्क को साल 2018 में ही इस पैकेज को देने के लिए प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन तब कंपनी के कुछ शेयरहोल्डर्स के विरोध के कारण कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस बार अधिक शेयरहोल्डर्स ने अपनी मंजूरियां दे दी हैं। तब लाए गए पैकेज की आज वैल्यू 56 अरब डॉलर है, क्योंकि 2018 में टेस्ला की मार्केट वैल्यू 59.1 अरब डॉलर थी, जो आज 570 अरब डॉलर हो गई है। मस्क के भारी-भरकम सैलरी पैकेज पर सिर्फ 73 फीसदी शेयरहोल्डर्स ने ही मंजूरियां दी हैं, जबकि अमूमन कॉरपोरेट जगत में इस तरह के पैकेज को 95 फीसदी शेयरहोल्डर्स अपनी मंजूरी देते हैं। हालांकि, बहुमत से पैकेज को हरी झंडी मिल चुकी है।

हेडक्वार्टर डेलवेयर से टेक्सास शिफ्ट करने पर भी मुहर लगा दी है। साथ ही दो बोर्ड मेंबर को री-इलेक्ट करने पर भी मंजूरी दे दी है।

जैसे ही कंपनी के बोर्ड और शेयरहोल्डर्स ने पैकेज को अपनी मंजूरी दी, कुछ शेयरहोल्डर्स जो इसके खिलाफ हैं, कोर्ट पहुंच गए। कोर्ट में फाइल केस में शेयरधारकों ने कहा है कि कंपनी के जिन निदेशकों ने मस्क के पक्ष में वोट किया है, वे उनके करीबी हैं और ज्यादादर शेयरधारकों को पूरे मामले की जानकारी ही नहीं है। इतना ही नहीं शेयरहोल?डर्स को मस?क की हिस?सेदारी पर भी आपत्ति है, जो अभी 20 फीसदी से ज्यादा है। फिलहाल शेयरहोल्डर्स ने जिस पैकेज को मंजूर किया है, इसके तहत मस्क को सालाना 56 अरब डॉलर (करीब 4.64 लाख करोड़ रुपये) मिलने है। इसका मतलब हुआ कि हर महीने की सैलरी 38,733 करोड़ रुपये होगी और रोजाना 1,291 करोड़ रुपये की कमाई। पैकेज के बाद मस्क के खाते में हर घंटे 53.79 करोड़ रुपये आएंगे। इसका मतलब हुआ कि वे 50 से ज?यादा मर्सिडीज कार हर घंटे खरीदने जितनी दौलत कमाएंगे।



# कनाडा के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**लॉडरहिल (एजेंसी)।** भारतीय टीम शनिवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में कनाडा के खिलाफ जीत की लय बनाये रखने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने तीनों ही मैच जीते हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। इस मैच में हालांकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा पर सबकी नजरें रहेंगी। विराट अब तक तीनों ही मैचों में रन नहीं बना पाये हैं ओर उनका लक्ष्य इस मैच में रन बनाकर सुपर आठ से पहले लय हासिल करना रहेगा। यही हाल जडेजा का भी है वह भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अब तक प्रभावि नहीं कर पाये हैं। भारतीय टीम इस मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य का साथ भी मिलने लगेगा। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है पर वह कनाडा को हल्के में नहीं लेगी क्योंकि कनाडाई टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपने को साबित किया है। उसके सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को विफल कर सकते हैं। कनाडा के लिए हालांकि भारतीय टीम के खिलाफ उलटफेर करना संभव नजर नहीं आता है।

ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था। ऐसे में भारतीय टीम कनाडा के खिलाफ कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल में से किसी एक को अवसर देने के बारे में सोच सकती है। ऐसी स्थिति में भारत को अक्षर पटेल को बाहर करना पड़ सकता है।

इस मैदान पर 16 मैचों में, पहले बल्लेबाजी करने का औसत स्कोर लगभग 165 है, जो काफी अच्छा है और इसका मतलब है कि टीमें लगभग 170 से 180 रन बना सकता हैं जबकि न्यूयॉर्क में 110 से 120 बन रहे थे।



यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 11 मैच जीते हैं जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 मुकाबले जीते हैं। यहां पर बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला देखने को मिल सकता है। भारतीय गेंदबाजों ने न्यूयार्क की पिच पर शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वे यहां भी बनाये रखना चाहेंगे।

### टीम

**भारत टी20 विश्व कप-** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**कनाडा टी20 विश्व कप-** साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डाइलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, ऋषिव जोशी, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किरटन, परगट सिंह, रविंद्रपाल सिंह, रेयानखान पठान और श्रेयस मोव्वा (विकेट कीपर)।

# नडाल और अलकराज पेरिस ओलंपिक में युगल जोड़ीदार के तौर पर उतरेंगे



**बार्सिलोना (एजेंसी)।** स्पेन के टेनिस महासंघ ने कहा है कि अगामी पेरिस ओलंपिक में राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज युगल मुकाबले में खेलते हुए नजर आयेंगे। ये दोनो हालांकि एकल मुकाबले के चैम्पियन हैं। अलकराज ने हाल ही में हुए फ्रेंच ओपन एकल में जीत हासिल की थी। वहीं अनुभवी नडाल के नाम 22 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। ओलंपिक के टेनिस मुकाबले उसी कोर्ट में खेले जाएंगे जिसमें फ्रेंच ओपन के मुकाबले हुए हैं, ऐसे में इन दोनो को ही हालात से तालमेल बनाना आसान रहेगा। स्पेन के कप्तान डेविड फेरर ने टीम की कहा, ''नडाल और अलकराज पेरिस में एक साथ खेलेंगे।'' इसके अलावा टीम में पाब्लो कैरेनो बुस्टा, एलेजांद्रो डेविडोविच और मार्सेल ग्रेनोलर्स भी शामिल होंगे।

अलकराज का लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है क्योंकि उनका मानना है कि इसका विशेष महत्व है। उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत के बाद कहा था कि इस साल वह अपने विंबलडन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने की जगह पर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने को अधिक महत्व देंगे। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम अलकराज ने कहा, ''ओलंपिक खेल हर चार साल में होते हैं और यह एक विशेष टूर्नामेंट है जहां आप न अपने साथ ही अपने देश के लिए भी खेलते हैं। स्पेन का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे लगता है कि इस साल मैं ओलंपिक स्वर्ण जीतना चाहूंगा।''

# कनाडा के खिलाफ मुकाबले में विराट पर रहेंगी सभी की नजरें

**लॉडरहिल (एजेंसी)।** भारतीय टीम शनिवार को टी20 विश्व कप क्रिकेट में कनाडा से अपना अंतिम ग्रुप ए मैच खेलेगी। इसमें भारतीय टीम जीत के साथ अपनी लय बनाये रखने उतरेगी। भारतीय टीम पहले ही सुपर आठ में पहुंच गयी है। ऐसे में ये मैच उसके लिए केवल औपचारिकता भर है। इस मैच में सभी की नजरें भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर रहेंगी। विराट इस सत्र में अबतक असफल रहे हैं। उन्होंने तीन मैचों में केवल पांच रन बनाये हैं। ऐसे में सभी उनसे सुपर आठ मुकाबलों से पहले फार्म हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। इस मुकाबले पर बारिश का साया भी मंडरा रहा है ऐसे में प्रशंसक उम्मीद करेंगे कि खेल हो सके। भारतीय टीम पहले ही सुपर आठ चरण में पहुंच गयी है और अब आगे उसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे पर वह विफल रहे हैं। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही



रन बना पाए हैं। अमेरिका के खिलाफ वह पहली ही गेंद पर आउट हुए।

भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ किस्मत भी कोहली को साथ देने लगेगी। भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है।

# नामीबिया के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी इंग्लैंड




**नॉर्थ साउंड (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप में शनिवार को इंग्लैंड की टीम नामीबिया के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज कर सुपर आठ के लिए अपनी संभावनाएं मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। पिछले मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट बेहतर हुआ है जिससे अब वह बनाये रखना चाहेगी। स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं होने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार से उसके लिए सुपर आठ का सफर कठिन हुआ है हालांकि

ओमान को महज 47 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड की संभावनाएं बढी हैं। उसने इस मैच में रिकॉर्ड 101 गेंद के अंतर से जीत दर्ज की। इस परिणाम से इंग्लैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा हो गया जो ग्रुप बी में उनके और स्कॉटलैंड के बीच महत्वपूर्ण अंतर है। इंग्लैंड का नेट रन रेट -1.8 से +3.08 हो गया जबकि स्कॉटलैंड का नेट रन रेट +2.16 है। सबसे अहम बात है कि स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं जबकि इंग्लैंड के तीन अंक। इससे दो बार की पूर्व चैम्पियन इंग्लैंड को नामीबिया को हराकर स्कॉटलैंड की बराबरी पर पहुंचने की जरूरत होगी और इसके साथ ही उसे यह भी उम्मीद करनी होगी कि स्कॉटलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया से हार जाये।

इस स्थिति में इंग्लैंड बेहतर नेट रन रेट की बदौलत सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करेगा पर अगर स्कॉटलैंड ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है या फिर मैच बारिश के कारण नहीं हो पता है तो इंग्लैंड बाहर हो जायेगी। इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ओमान पर बड़ी जीत के बाद आत्मविश्वास से भरे थे, उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि ड्रेसिंग रूम में क्या चल रहा है। हमारे खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे हैं और हमें आगे एक और बड़ा मैच खेलना है।

सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की पिच पर गेंद उछाल और टर्न ले रही है। इंग्लैंड के गेंदबाज ने ओमान के खिलाफ हालातों का फायदा उठाकर तीन तीन विकेट हासिल किये तथा ओमान को टी20 अंतरराष्ट्रीय में उसके सबसे कम स्कोर 47 रन पर समेट दिया था। स्टोक्स उम्मीद करेंगे कि उनके गेंदबाज ऐसा ही नामीबिया के खिलाफ भी करें। इसके लिए हालांकि उन्हें टॉस जीतना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉप्ले और मार्क वुड।

**नामीबिया :** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पेलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिनक, जेपी कोट्ज, डेविड विसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, मालन क्रूगर और पीडी ब्लिगनॉट।

# ओलंपिक तैयारियों के लिए राफेल नडाल विंबलडन से हटे



मैड्रिड। स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारी के कारण वह विंबलडन टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। राफेल नडाल ने गुरुवार को आगामी विंबलडन 2024 से हटने के अपने फैसले की आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि यह उनका आखिरी ओलंपिक होगा। उन्होंने कहा कि वह आल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले कोर्ट पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोट'पर ही खेलना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, 'पेरिस ओलंपिक मेरा आखिरी ओलंपिक होगा। मेरा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह न बदलूं और तब तक क्ले पर खेलता रहूं।

# सुपर आठ चरण में और प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद : रबाडा



किंग्स्टन (सेंट विन्सेंट)। दक्षिण अफीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद है क्योंकि वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण में इस्तेमाल की गयी 'ड्राप इन' पिच से अधिक निरंतर होंगी। न्यूयॉर्क की पिचों पर अत्यधिक उछाल से रन बनाना काफी मुश्किल हो रहा था। अब सुपर आठ के मैच कैरेबियाई स्थलों पर खेले जाएंगे। रबाडा ने यहां नेपाल के खिलाफ ग्रुप डी में दक्षिण अफीका के अंतिम मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, ''मुझे उम्मीद है कि परिस्थितियां थोड़ी अच्छी होगी क्योंकि अमेरिका में 'ड्राप इन' पिचें थीं। आपको नहीं पता कि ऐसी पिचें किस तरह से बर्ताव करेंगी। उन्होंने कहा, 'अब आपके पास ऐसा मैदान होगा जो वर्षों से बना हुआ है और आपको शायद और प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने को मिलेंगे।' रबाडा ने कहा कि बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला देखने के लिए संतुलित पिच पर खेलना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'आप ऐसा मैच चाहते हो जिसमें पिच पर गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को समान फायदा मिले। और यही क्रिकेट का खेल भी होता है।'

# शुभमन गिल, अवेश खान की कटी रिटर्न टिकट, न्यूयार्क लेग के बाद लौटेंगे घर

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** टीम इंडिया सुपर 8 में पहुंच चुकी है। अब तक फ्लोरिडा के नसाऊ क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए तीन मुकाबले टीम इंडिया ने अपने गेंदबाजों के कारण जीत लिए हैं। सभी क्रिकेटर इस वक्त चोट रहित है, ऐसे में यूएसए लेग खत्म होने के बाद भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल और अवेश खान की रिटर्न टिकट कट गई है। वह वापस भारत आ जाएंगे और उन्हें घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेने की छूट होगी। टीम प्रबंधन के इस कदम के पीछे माना जा रहा है कि उन्होंने अपनी प्लेइंग इलेवन ढूंढ ली है। विश्व कप शुरू होने से पहले यशस्वी जयसवाल को ओपनर चुना गया था लेकिन क्योंकि इस विश्व कप रोहित के साथ विराट ओपनिंग कर रहे हैं, तो ऐसे में जयसवाल को एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है। ऐसे में शुभमन का वहां रुकने का कोई अर्थ नहीं है। इसी तरह तेज गेंदबाजी विभाग भी



एक्टिव है। सभी गेंदबाज विकेट निकाल रहे हैं। ऐसे में अवेश खान को भी लौटने को बोल दिया गया है। शुभमन और अवेश ट्रेविलंग रिजर्व के तौर पर टीम इंडिया के साथ गए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को दोनों खिलाड़ी टीम के साथ चार्टर्ड फ्लाइट से न्यूयॉर्क से फोर्ट लॉडरडेल तक उड़ान भरते नजर आए। जैसे ही यूएसए चरण समाप्त होगा, दोनों को भारत वापस भेज दिया जाएगा। टीम के साथ रिंकू सिंह और खलील अहमद भी बतौर ट्रेवल रिजर्व हैं, लेकिन उन्हें वहीं रोका गया है। बीसीसीआई का शुभमन को लेकर यह कदम इसलिए भी सही है क्योंकि गिल के लिए टीम में जगह नहीं बन रही है। ओपनिंग का पहला विकल्प यशस्वी जायसवाल है। अगर रोहित या विराट में से कोई जख्मी होता है तो जायसवाल उसे संभालने के लिए मौके पर मौजूद होंगे। इसी तरह अवेख खान की भी प्लेइंग 11 में जगह बनती नहीं दिख रही है। टीम में फिलहाल मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह हैं। अगर इनमें से कोई जख्मी होता है तो एक विकल्प खलील अहमद के तौर पर मौजूद है।

भारत 12 जून को यूएसए पर जीत के साथ मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण में पहुंच गया है। वे अपना पहला सुपर 8 गेम 20 जून को खेलेंगे। टीम इंडिया के सुपर 8 में संभावित मुकाबले 20 जून को बनाम अफगानिस्तान, 22 जून को बनाम बांग्लादेश और 24 जून को बनाम ऑस्ट्रेलिया बन रहे हैं। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो वे 27 जून को जॉर्जटाउन, गुयाना में खेलेंगे। जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 29 जून को ब्रिजटाउन में निश्चित है।

# भारत की दिव्या देशमुख बनी विश्व जूनियर चैम्पियन, 15 साल का सूखा किया खत्म




गांधीनगर, गुजरात भारत की नंबर चार महिला शतरंज खिलाड़ी 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने अपने खेल जीवन की एक बड़ी उपलड़ी हासिल करते हुए विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप ( बालिका ) का खिताब अपने नाम कर लिया है। अंतिम राउंड में दिव्या नें बुल्गेरिया की क्रास्तेवा बेलोस्लावा को पराजित करते हुए देश के विश्व जूनियर खिताब के 15 साल के सूखे को खत्म कर दिया है। दिव्या से पहले भारत की कोनेरु हम्पी नें एथेंस ग्रीस 2001 में, हरिका द्रोणावल्ली नें 2008 भारत में और सौम्या स्वामीनाथन नें 2009 में अर्जेन्टीना में यह खिताब हासिल किया था और तब से भारत से यह खिताब दूर था और अब दिव्या ऐसा करने वाली भारत की चौंथी खिलाड़ी बन गयी है। दिव्या कुल 10 अंक बनाकर स्वर्ण पदक और विश्व खिताब जीतने में सफल रही तो अंतिम राउंड में भारत की रक्षिता रवि को पराजित करते हुए अर्मेनिया की मरियम एम 9.5 अंक बनाकर रजत पदक जीता। जबकि फीडे की ओर से खेल रही नॉर्मन क्सेनिया को मात देकर अजरबैजान की अयान अल्लाहवेर्दिएवा नें 8.5 अंक बनाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में शुभी गुप्ता 8 अंक, रक्षिता रवि 7.5 अंक, रींधिया वी 7.5 अंक, मृदुल देहांकर 7.5 अंक शीर्ष 10 में जगह बनाने में कामयाब रही। बालक वर्ग में कजाकिस्तान के कायबेक नोगेरबेक 8.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर विजेता रहे जबकि अर्मेनिया के एमिन ओहनयन उपविजेता रहे जबकि सर्बिया के लूका बुड़ीसावलजेवीक 8 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे, भारतीय खिलाड़ियों में प्रणव आनंद दसवें, सामंत आदित्य ग्यारवें और अनुज श्रीवात्रि बारहवें स्थान पर रहे।

# अर्धशतक लगाते ही शाकिब घमंड में आकर बोले कौन सहवाग ?

**किंगसटाउन (एजेंसी)।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टी20 विश्वकप में नीदरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद इस कदर घमंड में आ गये कि उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को ही पहचानने से इंकार कर दिया। डच टीम के खिलाफ 64 रन बनाने वाले शाकिब से जब सहवाग का नाम लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने उल्टा पूछ लिया किस सवाग की बात कर रहे हैं। इसके बाद उन्हें प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया। शाकिब ने सहवाग पर यह प्रतिक्रिया बांग्लादेश-दक्षिण अफ्रीका मैच के कॉमेंट को लेकर दी है। इसमें बांग्लादेश को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच के बाद सहवाग ने शाकिब अल हसन को आड़े हाथों लिया था।



सहवाग ने कहा था, 'मुझे तो ऐसा लगा कि उन्हें विश्व कप के लिए टीम में चुनना ही नहीं चाहिए था बल्कि उन्हें अब तक रिटायर हो जाना चाहिए था। आप इतने सीनियर खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान भी रहे हैं। आपको अपने प्रदर्शन पर शर्म आनी चाहिए। अगर आपको अनुभव के लिए विश्व कप टीम में चुना जाता है, तो ये साबित करें कि ये सही फैसला था।' शाकिब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 गेंद पर 3 रन बनाकर आउट हो गए थे।

शाकिब को सहवाग के इस कमेंट का जवाब देने का मौका नीदरलैंड के खिलाफ 46 गेंद पर 64 रन की पारी खेलने पर मिल गया था। इसके बाद जब शाकिब से पूछा गया कि आपके पिछले प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना हुई है और सहवाग ने भी सवाल उठाए थे। तब शाकिब कहते हैं कौन सहवाग पर बाद में अपनी बात को संभालने का प्रयास करते हुए कहते हैं कि जब आप मैदान पर उतरते हैं तो किसी को जवाब देने के लिए ऐसा नहीं करते।

# इंग्लैंड ने ओमान को 19 गेंदों में ही हराया, सबसे कम गेंदों में जीत का रिकार्ड बनाया

एंटीगुआ। इंग्लैंड ने टी20 विश्वकप में ओमान को 19 गेंदों पर ही हराकर अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। इस प्रकार सबसे कम गेंदों में जीत दर्ज करने का रिकार्ड किसी अन्य टीम के पास नहीं है। इंग्लैंड ने इस मैच में ओमान को मात्र 47 रन पर आउट करने के बाद 101 गेंद पहले ही मैच जीत लिया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में गेंद बाकी रहने के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंकाई टीम ने साल 2014 में नीदरलैंड को 90गेंद पहले ही हार दिया था। इंग्लैंड की इस जीत के साथ ही टी20 विश्वक कप के सुपर-8 में पहुंचने की उसकी उम्मीदें और बढ़ गयी हैं। इंग्लैंड की टीम के अब 3 अंक हो गये हैं और वह ग्रुप बी में 3 अंक लेकर तीसरे नंबर पर आ गई है। अभी इंग्लैंड से ज्यादा अंक ऑस्ट्रेलिया 6 और स्कॉटलैंड 5 के ही हैं. वहीं नामीबिया 2 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। सुपर-8 की रेस में बने रहने के लिए इंग्लैंड को बड़े अंतर से जीत की जरुरत थी जो उसकी टीम ने हासिल कर लिया है। इस मैच के बाद वह रनरेट के मामले में स्कॉटलैंड से आगे निकल गयी है। उसने ओमान को केवल 13.2 ओवर में 47 रन पर आउट करने के बाद 3.1 ओवर में 2 विकेट खोकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही उसके अंकतालिका में 3 अंक हो गए हैं. इंग्लैंड (3.081) का नेट रनरेट भी अब स्कॉटलैंड (2.164) से बेहतर है.

# अफगानिस्तान टी20 विश्व कप जीतने का शीर्ष दावेदार : मोहम्मद कैफ

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि मौजूदा परिस्थितियों में अफगानिस्तान की टीम टी20 विश्व कप जीतने की हकदार बनती जा रही है। राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम ने अब तक 3 मुकाबले जीते हैं और सुपर-8 में जगह बना वाली है। अफगानिस्तानी की ओर से बल्ले से रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान जबकि फजलहक फारूकी गेंद से शानदार रहे हैं। फारूकी तो 3 मैचों में ही 12 विकेट ले चुके हैं। बहरहाल, कैफ ने एक शो के दौरान कहा कि अफगानिस्तान अच्छी फॉर्म में है और मौजूदा परिस्थितियों में उसे हराना कठिन होगा। इसकी एक वजह यह भी है कि उन्होंने वेस्टइंडीज में दो से तीन सप्ताह से अधिक समय बिताया है जिस वजह से उन्हें इस सतह का अंदाजा हो गया है। वह बाकी मैचों में भी इसका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

कैफ ने कहा कि अफगानिस्तान अच्छी फॉर्म में है। उनकी गेंदबाजी फॉर्म में है, जहां फजलहक फारूकी ने 5 विकेट भी लिए हैं और राशिद खान फॉर्म में हैं। अगर दोनों सलामी बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान की बात करें तो वे शानदार फॉर्म में हैं। अफगानिस्तान इन परिस्थितियों में विश्व कप जीतने का शीर्ष दावेदार है। वे अपने सभी मैच यहीं (वेस्टइंडीज में) खेल रहे हैं। वे अमेरिका गए ही नहीं। वहां 2 या 3 सप्ताह बिताने से उन्हें पता चल जाता है कि किस पिच पर कैसे गेंदबाजी और बल्लेबाजी करनी है। उन्हें परिस्थितियों का अंदाजा हो गया है और उनके खिलाड़ी फॉर्म में हैं।

बता दें कि अफगानिस्तान अपना अंतिम लीग मैच 17 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा। अगर वह जीत गया तो ग्रुप में टॉप पर आ जाएगा। टीम कप्तान राशिद खान भी परफार्मेंस से काफी खुश हैं। उन्होंने पापुआ न्यू गिनी पर जीत के बाद कहा था कि यहां आने से पहले हमारी एक घरेलू प्रतियोगिता थी और सभी फॉर्म में हैं। यह फेंचाइजी क्रिकेट खेलने की खूबसूरती है क्योंकि आप परिस्थितियों को जानते हैं, उनमें से कुछ ने सेंट लूसिया में खेला है और जानते हैं कि पिच कैसा खेलेगी जिससे दूसरों को मदद मिलेगी। राशिद ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा था कि हर किसी के पास किसी भी स्थिति से तालमेल बिठाने का कौशल है और उम्मीद है कि हम वह गेम (वेस्टइंडीज के खिलाफ) भी जीतेंगे।



# यूपी में बीयर की खपत में 10 फीसदी की गिरावट

## - देसी शराब पिछले साल अप्रैल महीने की अपेक्षा इस बार खूब पी गई



**लखनऊ ।**

मौजूदा वित्तीय वर्ष के पहले महीने के बीयर और शराब की बिक्री के आंकड़े चौकाने वाले हैं। अप्रैल में भीषण गर्मी के बाद भी यूपी में बीयर की खपत कम हुई, तो देसी शराब पिछले साल अप्रैल महीने की अपेक्षा इस बार खूब पी गई। अंग्रेजी शराब के शौकीन भी पीछे नहीं रहे। एक महीने में प्रदेश में 2.30 करोड़ बोतलें अंग्रेजी शराब की बिकीं। आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2023 की अपेक्षा अप्रैल 2024 में बीयर की बिक्री में 10 फीसदी की कमी आई है। पिछले साल इस महीने में यूपी में 8.79 करोड़ कैन की खपत हुई थी। इस साल अप्रैल में बीयर की बिक्री में करीब एक करोड़ कैन की कमी आई। अप्रैल 2023 में 6.59 करोड़ लीटर देसी शराब बिकी थी लेकिन इस बार अप्रैल में यूपी वाले 7.40 करोड़ लीटर देसी शराब गटक गए। यह बढ़ोतरी 12.20 फीसदी की है। देसी पीने में सबसे आगे लखनऊ जोन रहा।

वहीं, अप्रैल 2023 में प्रदेश में 2.20 करोड़ बोतलें अंग्रेजी शराब की बिकी थीं, जबकि इस बार 2.30 करोड़ बोतलें अंग्रेजी शराब की बिकीं। यूपी लिकर वेलफेयर असोसिएशन के एक अधिकारी का कहना है कि उपभोक्ता गर्मी बढ़ने के बावजूद बीयर की बजाए देसी और अंग्रेजी शराब को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी ने आफत मचा रखी है। सुबह से तेज धूप में शहर के रास्ते तपते रहे और भभकती गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को सता रहे हैं। इस बीच गुरुवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि इससे पहले रात का पारा 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा



**नई दिल्ली।**

सरकारी तेल कंपनियां प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल का नए भाव जारी करती है। तेल कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में फ्यूल की कीमतों में गिरावट हुई तो वहीं देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया। इसी के साथ देश के चार प्रमुख महानगरों को छोड़कर ज्यादातर शहरों में ईंधन के दाम बदल गए। यूपी में पेट्रोल 71 पैसे चढ़कर 96.06 और डीजल 69 पैसे महंगा होकर 89.21 रुपये लीटर हो गया है जबकि राजस्थान पेट्रोल और डीजल के दाम 17-17 पैसे चढ़कर 106.29 और 91.63 रुपये लीटर हो गए हैं। महाराष्ट्र के जलगांव में पेट्रोल 105.56 और डीजल 92.04 रुपये लीटर हो गया है।

वहीं बिहार में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। बिहार में पेट्रोल 18 पैसे घटकर 107.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 17 पैसे घटकर 93.84 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर और कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है।

# थोक मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 2.61 प्रतिशत हुई

## - थोक मुद्रास्फीति अप्रैल में 7.74 प्रतिशत थी



**नई दिल्ली ।**

खाने पीने की वस्तुओं विशेषकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में बढोतरी की वजह से थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा`कि मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रहा। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 0.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक में मई में वृद्धि महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल का सबसे निचला स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में लगातार आठवीं बार ब्याज दर को यथावत रखने का फैसला किया था।

# विदेश के चार क्रिप्टो एक्सचेंजों ने भारत में कारोबार करने की मांगी अनुमति

## - भारत ने इसी साल की शुरुआत में 9 क्रिप्टो एक्सचेंजों पर रोक लगा दी थी

**नई दिल्ली ।** विदेश के चार एक्सचेंजों ने भारत में कारोबार करने के लिए संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच करने वाली राष्ट्रीय एजेंसी फाइनैंशियल इंटेलिजेंस यूनिट-इंडिया (एफआईयू-इं डिया) से अनुमे ति मांगी है। कूकॉइन और बाइनेंस ने भी ऐसा ही अनुरोध किया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि कूकॉइन और बाइनेंस के अलावा हमें भारत में प्रतिबंधित 9 में से 4 अन्य विदेशी एक्सचेंजों से अनुरोध मिले हैं। इस बारे में जानकारी पाने के लिए वित्त मंत्रालय को ईमेल भेजा गया मगर खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया। भारत ने इसी साल की शुरुआत में 9 क्रिप्टो एक्सचेंजों पर रोक लगा दी थी। ये एक्सचेंज बाइनेंस, कूकॉइन, हुओबी, क्रैकेन, गेट डॉट आईओ, बिटस्टैंप, एमईएक्ससी ग्लोबल, बिट्रेक्स और बिटफेनिक्स हैं। एफआईयू-इंडिया ने 34.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के बाद मार्च 2024 में कूकॉइन से प्रतिबंध हटा लिया था। मगर बाइनेंस को अभी राहत नहीं मिली है। अधिकारी ने कहा कि बाइनेंस के लिए प्रक्रिया अभी चल रही है। हम उम्मीद करते हैं कि वह भी जल्द ही काम शुरू कर देगा। काले धन को सफेद बनाने से रोकने के लिए बने भारतीय कानूनों का उल्लंघन होने पर एफआईयू-इंडिया ने देश में अवैध तरीके से कारोबार कर रहे 9 विदेशी क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह नोटिस 28 दिसंबर को भेजा गया और उसके बाद उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। फिलहाल देश में क्रिप्टो करेंसी में कारोबार करने वाली 46 पंजीकृत संस्थाएं हैं। कूकॉइन और बाइनेंस के साथ उनकी कुल संख्या बढ़कर 48 हो जाएगी। सितंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) ने देशों के लिए दिशानिर्देश एवं क्रिप्टो परिसंपत्तियों के लिए नियमों की रूपरेखा पेश करने वाला एक सिंथेसिस पेपर प्रकाशित किया था। पेपर में निवेशक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और धन शोधन एवं आतंकवाद को मिल रही वित्तीय सहायता रोकने के उपाय बताए गए थे। अक्टूबर 2023 में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक में आईएमएफ एवं एफएसबी के पेपर में दी गई रूपरेखा स्वीकार कर ली गई।

# अंबुजा सीमेंट 10,422 करोड़ में करेगी पेन्ना सीमेंट का अधिग्रहण

**नई दिल्ली ।**

अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट दक्षिण भारत की पेन्ना सीमेंट कंपनी का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। कंपनी ने कहा कि वह इसका अ धिग्रहण 10,422 करोड़ रुपये उद्यम मूल्य पर करने जा रही है। सितंबर 2022 में सीमेंट कारोबार में उतरने के बाद से समूह का इस उद्योग में तीसरा अधिग्रहण है। अंबुजा सीमेंट ने सौदे के लिए पेन्ना सीमेंट के साथ बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। वह पेन्ना सीमेंट के प्रवर्तकों पी प्रताप रेड्डी और उनके परिवार से कंपनी में 100 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी। अंबुजा सीमेंट ने कहा कि इस सौदे से उसकी कुल उत्पादन क्षमता 1.4 करोड़ टन सालाना बढ़ जाएगी और अदाणी समूह के सीमेंट कारोबार की कुल क्षमता 8.9 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। सौदा 3 से चार महीने में पूरा होने की उम्मीद है। पेन्ना सीमेंट 2019 ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने का प्रयास किया था मगर नाकाम रही। इंडिया रेटिंग्स ने इस साल जनवरी में कंपनी पर एक नोट में कहा था कि पेन्ना सीमेंट को वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में 11 करोड़ रुपये का एबिटा घाटा हुआ है। कोयला महंगा होने और परिचालन दक्षता कम होने से कंपनी को घाटा हुआ था। अभी पेन्ना सीमेंट की कुल सालाना परिचालन क्षमता 1 करोड़ टन है और 20-20 लाख टन सालाना क्षमता के दो कारखाने कृष्णापट्टनम तथा जोधपुर में बन रहे हैं। दोनों अगले 6 से 12 महीने में चालू हो सकते हैं। अंबुजा सीमेंट ने कहा कि अधिग्रहण के लिए रकम आंतरिक संसाधनों से जुटाई जाएगी।

# बकरीद के मौके पर 17 जून को बंद रहेंगे शेयर बाजार

## - शाम के सेशन में कमोडिटी ट्रेडिंग की मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली ।** बकरीद के मौके पर सोमवार 17 जून को बंबई स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज बंद रहेंगे। इस दिन शेयर बाजार में इक्विटी, डेरिवेटिव, कमोडिटी और डेट सेगमेंट में कामकाज नहीं होगा। कमोडिटी मार्केट में हालांकि सोमवार को शाम को 5 से 11:00 बजे के सेशन में कारोबार किया जाएगा। शेयर बाजार ने निवेशकों, बैंक और मर्चेंट बैंकर को इस बारे में जानकारी दी है कि सोमवार को बकरीद के मौके पर फंड का सेटलमेंट और सिक्योरिटी का सेटलमेंट नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही इंटर सेगमेंट फंड ट्रांसफर की सुविधा भी सोमवार 17 जून को उपलब्ध नहीं हो पाएगी। इससे पहले 15 जून और 16 जून 2024 को शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से शेयर बाजार का कामकाज बंद रहेगा। ऐसे में लगातार तीन दिन शेयर बाजार में छुट्टी रहने वाली है। शेयर बाजार के साथ ही 17 जून को बकरीद के मौके पर कमोडिटी डेरिवेटिव और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट पर सुबह 9 बजे से लेकर 5 बजे तक बंद रहने वाला है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर शाम का कामकाज सामान्य तरीके से होगा।



# हुंदै मोटर ने आयोनिक-5 की 1,744 इकाइयां वापस बुलाई

**नई दिल्ली ।** हुंदै मोटर इंडिया एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में समस्या के कारण अपने इलेक्ट्रिक मॉडल आयोनिक 5 की 1,744 इकाइयों को वापस बुला रही है। उद्योग संगठन सियाम के अनुसार इन इकाइयों में यह समस्या आई है। सियाम की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कंपनी इसको ठीक करने के लिए 21 जुलाई 2022 से 30 अप्रैल 2024 के बीच निर्मित इकाइयों को वापस बुला रही है। इसमें कहा गया कि कि वह इन इकाइयों को एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में संभावित समस्या के कारण वापस बुला रही है, जिससे 12 वोल्ट बैटरी डिस्चार्ज हो सकती है। हुंदै कंपनी के प्रवक्ता ने कहा` कि हुंदै मोटर इंडिया में ग्राहकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आयोनिक 5 को वापस मंगाना, प्रभावित वाहनों में एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई (आईसीसीयू) का निरीक्षण और उन्नयन करने के लिए एक सक्रिय कदम है। इसका ग्राहकों पर कोई खर्च नहीं आएगा। प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी के समर्पित दल वाहन मालिकों के संपर्क में रहेंगे और इस संबंध में उनका मार्गदर्शन करेंगे।आयोनिक 5 की कीमत 46.05 लाख रुपये एक्स-शोरूम से शुरू होती है।

# भेल को अडाणी पावर से 7,000 करोड़ के ठेके मिले




**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल को अडाणी पावर से 7,000 करोड़ रुपये के दो बिजली संयंत्रों के ठेके प्राप्त हुए हैं। भेल ने एक बयान में कहा कि पहला ठेका छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में स्थापित किए जा रहे रायपुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का अडाणी पावर लिमिटेड से मिला है। बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थापित किए जा रहे मिर्जापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दूसरा ठेका एमटीईयूपीपीएल से मिला हे। भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भारत का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग व विनिर्माण उद्यम है। यह ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में काम करता है।

# सोने का भाव 71,200, चांदी 88,200 रुपए



**नई दिल्ली ।** देश के सराफा बाजारों में सोने और चांदी के वायदा कारोबार में शुक्रवार को तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में भी तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 125 रुपये की तेजी के साथ 71,263 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 84 रुपये की तेजी के साथ 71,222 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 258 रुपये की तेजी के साथ 88,241 रुपये पर खुला। इस समय यह 234 रुपये की तेजी के साथ 88,217 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। चांदी के वायदा भाव सुस्त शुरुआत के बाद सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,319.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,318 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,323.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.03 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.06 डॉलर था। हालांकि खबर लिखे जाने के समय यह 0.06 डॉलर की तेजी के साथ 29.12 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद




**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को उछाल के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बाद भी दिग्गज शेयरों में खरीददारी हावी होने से आई है। इसके साथ ही निर्यात बढ़ने और एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में आई तेजी से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 0.24 करीब 181.87 अंक बढ़कर 76,992.77 पर बंद हुआ। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.29 फीसदी तकरीबन 66.70 अंक की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक पर बंद हुआ। इंट्रा-डे कारोबार में यह 91.5 अंक या 0.39 फीसदी बढ़कर 23,490.40 के नए रिकॉर्ड लेवल पर भी पहुंच गया था। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 28 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि 22 के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 2.20 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। साथ ही टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, अल्ट्रा सीमेंट, बजाज फाइनेंस और एक्सिस बैंक के शेयर मुख्य रुप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर टेक महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 1.38 फीसदी टूटा। इसके अलावा टीसीएस, विप्रो, एचसीएल टेक, कोटक बैंक, एलएंडटी, एसबीआई, एनटीपीसी के शेयरों में भी गिरावट रही। मई में वस्तु निर्यात नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, आयात 7.7 फीसदी बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत हल्की बढ़त के साथ हुई। बेंचमार्क निफ्टी 50 शुक्रवार सुबह 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 23,464 के स्तर पर नई ऊंचाई पर पहुंच गया, जबकि बीएसई सेंसेक्स 30 अंक की मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा। हालांकि थोड़ी देर में बाजार के प्रमुख इंडेक्स में गिरावट का सिलसिला देखने को मिला। बीएसई सेंसेक्स 202 अंक फिसलकर 76,608 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ़्टी 50 41 अंक गिरकर 23,357 के लेवल पर आ गया। वहीं एशियाई बाजार की बात करें तो जापान का निक्केई 225 0.31 फीसदी अधिक गिर गया, व्यापक टॉपिक्स सूचकांक 0.03 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ सपाट कारोबार कर रहा है। दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.1 फीसदी की गिरावट आई, जबकि स्मॉल-कैप कोस्डैक इंडेक्स 0.91 फीसदी की गिरावट दिखी।

# प्याज की कीमतें फिर बढ़ीं, आलू भी महंगा हुआ



**नई दिल्ली ।**

लोकसभा चुनाव के बाद प्याज की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। पिछले एक हफ्ते में प्याज के भाव 50 फीसदी से ज्यादा चढ़ गए। सरकार पहले से ही प्याज की कीमतों को लेकर परेशान थी। प्याज की कीमतों को` नियें त्रित करने के लिए सरकार ने दिसंबर 2023 में प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, इस वित्त वर्ष की शुरुआत में ही सरकार ने प्रतिबंध हटा दिया। अब रिटेल मार्केट में प्याज की कीमतों में एक बार फिर से आए उछाल ने आम जनता के साथ सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी है। गौरतलब है` कि प्याज की कीमतों में तो तेजी आ ही रही है। वहीं आलू के भाव भी बढ़ रहे हैं। गर्मी के सीजन में हरी सब्जियों के साथ आलू-प्याज की कीमतों में हो रहा इजाफा आम जनता के लिए मुसीबत ला रहा है। एक हफ्ते में प्याज 50 फीसदी तक महंगा हो गया है। 2 जून 2024 को रिटेल मार्केट में प्याज की कीमत 25 से 30 रुपये प्रति किलो थी। जो 9 जून को बढ़कर 35 से 40 रुपये प्रति किलो हो गई है।11 जून को प्याज की कीमत 50 रुपये प्रति किलो हो गई है। ऐसे में सब्जी विक्रेता का कहना है कि जब मंडी में प्याज महंगा है तो खुदरा बाजार में इनके दाम तो और ज्यादा होंगे ही। देश की सबसे बड़ी मंडी नासिक की लासलगांव मंडी में 25 मई को प्याज के दाम 17 रुपये प्रति किलोग्राम था जिसकी अभी कीमत 25 रुपये हो गई है। वहीं, सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले प्याज के दाम 30 रुपये के पार पहुंच गए हैं। ऐसे में जाहिर है कि नासिक मंडी से दिल्ली आते-आते प्रति किलो प्याज के दाम में 5-7 रुपये का खर्च और जुड़ जाएगा। वहीं जून के शुरुआत में आलू के भाव 20-25 रुपये प्रति किलो था जो अब 35 से 40 रुपये किलो हो गया है। 17 जून को बकरा ईद है। ऐसे में त्योहार के दौरान प्याज की मांग वैसे ही बढ़ जाती है।

# टाटा कंज्यूमर का एफएमसीजी कंपनी बनने का लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) एक पूर्ण एफएमसीजी कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने यह बात कही है। कंपनी की योजना नई श्रेणियों में उतरने की है और उसने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने पूंजीगत व्यय को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 785 करोड़ रुपए कर दिया है। इसका एक प्रमुख हिस्सा वियतनाम में एक नए संयंत्र पर खर्च किया जाएगा। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के सवालों के जवाब देते हुए अ धिकारी ने कहा कि कंपनी वित्तीय व्यवहार्यता और वृद्धि के अवसरों को देखते हुए अधिग्रहण पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर कंपनी ध्यान केंद्रित करना चाहती है और अधिक उत्पाद पेश करना चाहती है। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी केवल पेय और खाद्य पदार्थों पर ही ध्यान केंद्रित करेगी या यह पूर्ण रूप से एफएमसीजी कंपनी बनेगी, उन्होंने कहा कि योजना पूर्ण रूप से एफएमसीजी कंपनी बनने की है। कंपनी हमेशा ही ऐसे अवसर तलाशती रहती है। टीसीपीएल ने पिछले वित्त वर्ष में लगभग 7,000 करोड़ रुपए में दो कंपनियों- कैपिटल फूड्स और ऑर्गेनिक इंडिया का अधिग्रहण किया था।

# स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ 21 जून को खुलेगा

**नई दिल्ली ।** लक्जरी फर्नीचर ब्रांड स्टेनली लाइफस्टाइल्स की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 537 करोड़ रुपये जुटाने की है। स्टेनली लाइफस्टाइल्स के अनुसार कंपनी का आईपीओ 21 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा। एंकर निवेशक 20 जून को बोली लगा पाएंगे। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 351-369 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ में 200 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर और कंपनी के प्रवर्तकों तथा अन्य शेयरधारकों द्वारा 91.33 लाख शेयर की बिक्री पेशकश शामिल है। बेंगलुरु स्थित स्टेनली लाइफस्टाइल एक लक्जरी फर्नीचर ब्रांड है। यह अपने कई ब्रांड के जरिए सुपर-प्रीमियम, लक्जरी और अल्ट्रा-लक्जरी सहित विभिन्न मूल्य श्रेणियों में काम करने वाली कुछ भारतीय कंपनियों में से एक है। कंपनी की बेंगलुरू में दो विनिर्माण सुविधाएं हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in